
ISBN : 978-93-341-8248-4

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान



"श्री सदगुरु रणछोड़दासजी महाराज"
सेवाधाम आश्रम के आराध्य गुरुदेव

- डॉ. राजीव अग्रवाल
- अखिलेश कुमार
- विनय कुमार

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान

डॉ. राजीव अग्रवाल
एसोसिएट प्रोफेसर- शिक्षा संकाय
अतर्रा पी०जी० कॉलेज, अतर्रा
(बाँदा)

अखिलेश कुमार
M.Sc. (Math), M.Ed.

विनय कुमार
M.A. (Political science), B.Ed.

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान

डॉ. राजीव अग्रवाल
अखिलेश कुमार
विनय कुमार

E-book संस्करण: 2024
मूल्य: ₹20

ISBN : 978-93-341-8248-4

प्रकाशक- विनय कुमार
गौरा बाबा मंदिर के पास, नरैनी रोड, अतर्रा- 210201
जिला - बाँदा (उत्तर प्रदेश)
Mob- 6393145173
ई - मेल: vkgatarra@gmail.com

प्राक्कथन

भारतवर्ष की पावन भूमि पर सदैव संत महात्माओं, ऋषियों, महायोगियों, धर्मा, महापुरुषों का अवतरण होता रहा है। यहां पर धार्मिक तथा आध्यात्मिक शिक्षा भारतीय संस्कृति की आधारशिला रही है। धार्मिक शिक्षा से लोगों में संस्कार उत्पन्न होते हैं और संस्कृति हमारी चेतना को परिष्कृत करती है।

वर्तमान समाज में देश के तथाकथित जागरूक लोग पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर मैकाले शिक्षण पद्धति की ओर भाग रहे हैं, जिसमें सांस्कृतिक, धार्मिक, नैतिकता का कोई स्थान नहीं है। जबकि प्राचीन भारतीय गुरुकुल शिक्षा में सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय चरित्र एवंसंवेदनाओं के लिए पर्याप्त स्थान है, जिसका उद्देश्य तत्कालीन समाज में चरित्र निर्माण, सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों का संरक्षण एवं संवर्धन, व्यावहारिक व सामाजिक जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति एवं भावी पीढ़ी के नवनिर्माण में निहित है।

प्राचीन भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मैकाले शिक्षा पद्धति के विरुद्ध एक अभियान की तरह आधुनिकता को प्राचीन संस्कृति को साथ लेकर चलने का प्रयास श्री रणछोड़दासजी महाराज जी द्वारा स्थापित संस्था श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान शिक्षण पद्धति की कमियों के दृष्टिगत इसकी महती आवश्यकता है। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संस्थापक श्री रणछोड़दासजी महाराज का मानना है कि वास्तव में शिक्षा ज्ञान के प्रचार प्रसार का माध्यम है और इसका उद्देश्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जीवन के सभी मूल्यों को पहुंचाने तथा भावी पीढ़ी को आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है।

प्रस्तुत पुस्तक शीर्षक **"श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान"** है। इस पुस्तक को पंच अध्यायों में विभाजित किया गया है।

प्रथम अध्याय अध्ययन की पृष्ठभूमि में भारत में शिक्षा का विकास एवं समस्याएं, शिक्षा के क्षेत्र में स्वयंसेवी संगठनों का योगदान, समस्या कथन में प्रयुक्त शब्दों की व्याख्या, अध्ययन के उद्देश्य, परिसीमन, एवं शोध विधि पर प्रकाश डाला गया है।

द्वितीय अध्याय में शैक्षिक योगदान से सम्बंधित कतिपय शोध अध्ययनों की समीक्षा की गयी है।

तृतीय अध्याय में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के परिचयात्मक विवरण का उल्लेख किया गया है।

चतुर्थ अध्याय में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के शैक्षिक योगदान का वर्णन किया गया है।

पंचम अध्याय में अध्ययन के निष्कर्ष, शैक्षिक उपादेयता, अध्ययन के सुझाव एवं भावी शोध हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं

प्रस्तुत पुस्तक लघु शोध प्रबन्ध पर आधारित है। शोध कार्य के प्रकाशन से वैज्ञानिक ज्ञान भण्डार में वृद्धि होती है एवं नवीन अनुसन्धानों को प्रेरणा मिलती है। किसी भी शोध कार्य का तब तक कोई अर्थ नहीं है जब तक कि वह जनसामान्य के लिए सुलभ न हो। प्रस्तुत पुस्तक इसी दिशा में किया गया एक प्रयास है। यह पुस्तक विद्यालय से सम्बन्धित विभिन्न घटकों में प्रेरणा का संचार करने में निश्चय ही सहायक सिद्ध होगी।

इस पुस्तक के सृजन में सन्दर्भ ग्रन्थ सूची में उल्लेखित विभिन्न पुस्तकों का सहयोग लिया गया है। हम सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में अनेक त्रुटियाँ होना स्वभाविक है। अतः यदि अनुभवी विद्वतगण अवगत कराने का कष्ट करेंगे तो हम अत्यन्त आभारी होंगे तथा भावी संस्करण में संशोधन का प्रयास करेंगे।

20/03/2025

डॉ. राजीव अग्रवाल
अखिलेश कुमार
विनय कुमार

अनुक्रमणिका

प्रथम-अध्याय

अध्ययन परिचय

1.1 प्रस्तावना

भारत एक ऐसा देश है, जो धर्म एवं अध्यात्म के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शक रहा है। हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति एवं आदर्शों, परंपराओं का ही प्रभाव था, कि संपूर्ण विश्व में हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का प्रसार हुआ। हजारों वर्षों से मनुष्य ज्ञान की वृद्धि के साथ-साथ मनुष्य के चिंतन में भी वृद्धि हो रही है।

मानव समस्त प्राणियों में बौद्धिक रूप से श्रेष्ठ है, उनमें ज्ञान प्राप्त करने और ज्ञान की क्षुधा तृप्त करने की असीम अभिलाषा व क्षमता रहती है। मानव की उत्पत्ति के समय से ही यह प्रमाण मिले हैं, कि जितनी भी उन्नति और प्रगति मानव ने की है वह उसकी जिज्ञासु प्रवृत्ति के कारण ही संभव हो सकी है।

शिक्षा किसी राष्ट्र के नवनिर्माण एवं उनकी संस्कृति की वाहक होती है। शिक्षा के गौरवशाली अतीत पर ही उसके वर्तमान की दिशा निर्धारित होती है। शिक्षा एक उद्देश्य पूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से व्यक्ति के व्यवहार उसकी कार्यप्रणाली एवं जीवन व्रत में परिवर्तन एवं परिमार्जन किया जाता है। शिक्षा न केवल पथ प्रदर्शक, ज्ञानवर्धक एवं प्रगति की द्योतक होती है बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय गरिमा को संरक्षित एवं संवर्धित करती है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करके उसके व्यवहार का परिमार्जन एवं परिष्करण किया जाता है।

शिक्षा को केवल ज्ञान देने का साधन नहीं माना जा रहा परंतु जब तक शिक्षा जीवन के मूल्यों, आदर्शों एवं परंपराओं, मान्यताओं का परिचय न दें, तब तक वह शिक्षा नहीं कही जा सकती। आज भारत में फैली बुराइयों, सामाजिक कुरीतियों के कारण नैतिकता का ह्रास होता जा रहा है। इन समस्याओं को हल करने के लिए समाज को शिक्षित होना होगा और इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाना होगा।

समाज के उत्थान एवं उन्नति के लिए प्राचीन काल से ही धर्मगुरु, समाज सुधारकों के प्रयास सराहनीय रहे हैं। समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं ने समाज में शिक्षा के व्यापक प्रसार के लिए योगदान दिया है। जैसे समाज में स्त्री शिक्षा, बालकों की शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा आदि। इसी क्रम में एक और संस्थान

समाज में वंचित और पिछड़े बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है। अतः प्रस्तुत लघु शोध वर्तमान परिस्थिति में विश्व जागृति मिशन के शैक्षिक योगदान के अध्ययन का एक प्रयास है।

1.1.1 शिक्षा : विकास की प्रक्रिया

हमारे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में सबके लिए शिक्षा हमारे भौतिक और आध्यात्मिक विकास की बुनियादी आवश्यकता है। बालकों में कुछ जन्मजात शक्तियां रहती हैं। बालक इन्हीं जन्मजात शक्तियों के आधार पर व्यवहार करता है। शिक्षा बालक को सुसंस्कृत बनाने का माध्यम है। यह हमारी संवेदनशीलता और दृष्टि को प्रखर करती है। जिससे राष्ट्रीय एकता पनपती है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य अपनी शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक एवं आध्यात्मिक शक्ति को अनुशासित करता है। इस प्रकार मनुष्य के अनुशासन के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा के आधार पर ही अनुसंधान और विकास को संबल मिलता है, जो राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता की आधारशिला है। शिक्षा समाज के भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों से संबंधित होती है। शिक्षा वर्तमान तथा भविष्य के निर्माण का अनुपम साधन है। इसी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण की धुरी माना गया है। अत: यह कहना उचित है, कि शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है, शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। समाज में ऐसी शिक्षा का होना नितांत आवश्यक है, जो हमारी संस्कृति, हमारे धर्म, मूल्यों से जुड़ी हो, क्योंकि धार्मिक शिक्षा के क्षेत्र में भारत की स्थिति अभी निराशाजनक है।

मनुष्य की शिक्षा उसे केवल परिस्थितियों के साथ सामंजस्य करना ही नहीं सिखाती है, वरन् उसे सामाजिक परिवर्तन करने और परिवर्तनों को स्वीकार करने के लिए तैयार करती हैं। इस प्रकार शिक्षा के उद्देश्य, पाठ्यचर्या और शिक्षण विधियों आदि में आवश्यकता अनुसार परिवर्तन होता रहता है।

हमारी वर्तमान शिक्षा में सभी प्रकार की शिक्षा पर बल देना चाहिए जिसके परिणाम स्वरूप ही मानव का सर्वांगीण विकास संभव है।

1.1.2 भारत में शिक्षा का विकास

भारतीय शिक्षा का इतिहास भारतीय सभ्यता का भी इतिहास है। भारतीय समाज के विकास और उसमें होने वाले परिवर्तनों की रूपरेखा में शिक्षा की जगह और उसकी भूमिका को भी निरंतर विकासशील पाते हैं। भारतीय शिक्षा का बीजारोपण सुदूर अतीत में आज से लगभग 4000 साल पहले हुआ था, किंतु उसके सुसंबंध स्वरूप के दर्शन वैदिक काल के आरंभ में होते हैं। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा व्यवस्था का निर्माण किया गया था। वह समकालीन विश्व की शिक्षा व्यवस्था से समउन्नत व उत्कृष्ट थी। लेकिन कालांतर में भारतीय शिक्षा व्यवस्था का ह्रास हुआ। विदेशियों ने यहां की शिक्षा व्यवस्था को उस अनुपात में विकसित नहीं किया। जिस अनुपात में होना चाहिए, अपने संक्रमण काल में भारतीय शिक्षा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आज भी यह चुनौतियां व समस्याएं हमारे सामने हैं। जिनसे दो-दो हाथ करना है।

1.1.2.1 प्राचीन काल में शिक्षा का विकास

भारत की प्राचीन कालीन शिक्षा आध्यात्मिकता पर आधारित थी। शिक्षा मुक्ति तथा आत्मबोध के साधन के रूप में थी। प्राचीन शिक्षा पद्धति में हमें अनौपचारिक तथा औपचारिक दोनों प्रकार के शैक्षणिक केंद्रों का उल्लेख मिलता है। औपचारिक शिक्षा मंदिर, आश्रमों और गुरुकुलों के माध्यम से दी जाती थी। ये ही उच्च शिक्षा के केंद्र थे। जबकि परिवार, पुरोहित, पंडित, संन्यासी और त्योहार प्रसंग आदि के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त होती थी।

विभिन्न धर्म सूत्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि माता ही बच्चे की श्रेष्ठ गुरु है। कुछ विद्वानों ने पिता को बच्चे के शिक्षक के रूप में स्वीकार किया है। जैसे-जैसे सामाजिक विकास हुआ वैसे-वैसे शैक्षणिक संस्थाएं स्थापित होने लगी। वैदिक काल में परिषद, शाखा और चरण जैसे संघों का स्थापन हो गया था, लेकिन व्यवस्थित शिक्षण संस्थाएं सार्वजनिक तौर पर बौद्धों द्वारा स्थापित की गई।

प्राचीनकाल में शिक्षा को अधिक महत्व दिया जाता था। भारत विश्व गुरु कहलाता था। विभिन्न विद्वानों ने शिक्षा को प्रकाशस्रोत, अंतर्दृष्टि, अंतरज्योति, ज्ञानचक्षु और तीसरा नेत्र आदि उपमाओं से विभूषित किया। उस युग की मान्यता थी जिस प्रकार अंधकार को दूर करने के लिए प्रकाश है, उसी प्रकार

व्यक्ति के सभी संशयों और भ्रमों को दूर करने के लिए शिक्षा है। प्राचीन भारत की शिक्षा का प्रारंभिक रूप हम ऋग्वेद में देखते हैं। ऋग्वेद युग की शिक्षा का उद्देश्य था तत्व साक्षात्कार। ब्रह्मचर्य, तप और योगाभ्यास से तत्व का साक्षात्कार करने वाले ऋषि, मुनि, कवि मनीषी के नामों से प्रसिद्ध थे।

विद्यालय गुरुकुल, आचार्यकुल, गुरुग्रह इत्यादि नामों से विदित थे। शिक्षक को आचार्य और गुरु कहा जाता था और विद्यार्थी को ब्रह्मचारी, व्रतधारी, अन्तेवासी और आचार्यकुल वासी आचार्य मंत्र का परायण करते थे और ब्रह्मचारी उनको उसी प्रकार दोहराते चले जाते थे। वैदिक काल में उच्च शिक्षा की व्यवस्था गुरुकुल में होती थी, 18 से 12 वर्ष की आयु में बच्चों का गुरुकुल में प्रवेश होता था। 8 वर्ष की आयु पर ब्राह्मण बच्चों का, 10 वर्ष की आयु में क्षत्रिय बच्चों का और 12 वर्ष की आय में वैश्य बच्चों का गुरुकुल में प्रवेश होता था। गुरुकुल में प्रवेश के समय बच्चों का उपनयन संस्कार होता था। इस संस्कार के बाद उनकी उच्च शिक्षा प्रारम्भ होती थी। हमारे देश में वैदिक काल में जिस शिक्षा प्रणाली का विकास हुआ, वह हमारी आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव का पत्थर है। वैसे तो वैदिक शिक्षा प्रणाली के बाद हमारे देश में क्रमशः बौद्ध शिक्षा प्रणाली, मुस्लिम शिक्षा प्रणाली और अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली का विकास तो हुआ परंतु वैदिक शिक्षा प्रणाली प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से निरंतर चलती रही और आज भी चल रही है।

आधुनिक भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली के विकास में भी इसकी आधारभूत भूमिका है। वैदिक काल की भांति आज भी समस्त ज्ञान-विज्ञान, कौशल और तकनीकी को शिक्षा की पाठ्यचर्या सम्मिलित करते हैं। आज भी हम शिक्षक और शिक्षार्थीयों के बीच मधुर संबंध स्थापित करना चाहते हैं। आधुनिक काल की शिक्षा प्रणाली और बैदिक काल की शिक्षा प्रणाली में जो अंतर हैं वह तो विकास क्रम का ही प्रतिफल है।

1.1.2.2 मध्य काल में शिक्षा का विकास

भारत में मुस्लिम राज्य की स्थापना होते ही इस्लामी शिक्षा का प्रसार होने लगा। फारसी जानने वाले ही सरकारी कार्य के योग्य समझे जाने लगे। हिंदू अरबी और फारसी पढ़ने लगे। बादशाहों और अन्य शासकों के व्यक्तिगत रूचि के अनुसार इस्लामी आधार पर शिक्षा दी जाने लगी। इस्लाम के संरक्षण और

प्रचार के लिए मस्जिदें बनाई गई साथ ही मकतब व मदरसों और पुस्तकालयों की स्थापना होने लगी। मकतब प्रारंभिक शिक्षा के केंद्र होते थे और मदरसे उच्च शिक्षा के। मकतबों की शिक्षा धार्मिक होती थी। विद्यार्थी कुरान के कुछ अंशों को कंठस्थ करते थे। इनमें हिंदू बालक भी पढ़ते थे। मकतब में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी मदरसों में प्रविष्ट होते थे। यहां प्रधानत: धार्मिक शिक्षा दी जाती थी। साथ-साथ इतिहास, साहित्य, व्याकरण, तर्कशास्त्र, गणित, कानून आज की पढ़ाई होती थी। सरकार शिक्षकों को नियुक्ति करती थी, कहीं-कहीं प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा भी उनकी नियुक्ति होती थी।

इस काल में शिक्षा संस्थाओं का महत्वपूर्ण स्थान था। संपन्न परिवारों के घरों की बैठकों में परिवार व आसपास के शिशु प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे। इस बैठक को मकतब कहते थे। इस मकतब के शिक्षक के भरण-पोषण का दायित्व उन परिवारों का होता था। जिन परिवारों के बच्चे वहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे।

वह भी उसकी आर्थिक सहायता करते थे। शिक्षा का दूसरा केंद्र मदरसा था। राज्य द्वारा स्थापित मदरसों को राज्य की ओर से वित्तीय सहायता मिलती थी। शिक्षा का तीसरा महत्वपूर्ण केंद्र सूफी संतों की खानकाह थी। अजमेर में शेख मोइनुद्दीन चिश्ती की खानकाह, दिल्ली में शेख निजामुद्दीन औलिया की खानकाह, और सीदी मौला की खानकाह आदि शिक्षा के सुप्रसिद्ध केंद्र थे। इस काल में प्रत्येक शहर में उपरोक्त तीन प्रकार की शिक्षण संस्थाएं थी।

मध्यकाल में राजकुमारों के लिए महल के भीतर शिक्षा का प्रबंध था। राज्य व्यवस्था, सैनिक संगठन, युद्ध संचालन, संघ इतिहास, व्याकरण, साहित्य, इतिहास, व्याकरण, कानून आदि का ज्ञान ग्रह शिक्षा से प्राप्त होता था। राजकुमारियां भी शिक्षा पाती थी। शिक्षकों का बड़ा सम्मान था। वह विद्वान और सच्चरित्र होते थे। छात्र और शिक्षकों को आपसी संबंध प्रेम और सम्मान का था। सादगी, सदाचार, विद्या प्रेम और धर्म आचरण और उदाहरणों द्वारा पाठ पढ़ाए जाते थे। धर्म आचरण पर जोर दिया जाता था, कंठस्थ करने की परंपरा थी। प्रश्नोत्तर व्याख्या और उदाहरण द्वारा पाठ पढ़ाए जाते थे। कोई परीक्षा नहीं थी। अध्ययन-अध्यापन में प्राप्त अवसरों में शिक्षक छात्रों की योग्यता और विद्वत्ता के विषय में तथ्य प्राप्त करते थे। दंड प्रयोग किया जाता था। जीविका उपार्जन के लिए भी शिक्षा दी जाती थी। दिल्ली, आगरा, जौनपुर,

मालवा मुस्लिम शिक्षा के केंद्र थे। मुसलमान शासकों के संरक्षण के लिए आभाव में भी संस्कृत, काव्य, नाटक, व्याकरण, दर्शनग्रंथों की रचना और उनका पठन-पाठन बराबर होता रहा।

1.1.2.3 आधुनिक काल में शिक्षा

भारत में आधुनिक शिक्षा की नींव यूरोपीय ईसाई धर्म प्रचारक तथा व्यापारियों के हाथों से डाली गई। उन्होंने कई विश्वविद्यालय स्थापित किए। प्रारंभ में मद्रास ही उनका कार्यक्षेत्र रहा। धीरे-धीरे कार्यक्षेत्र का विस्तार बंगाल में भी होने लगा। इन विद्यालयों में ईसाई धर्म की शिक्षा के साथ-साथ इतिहास, भूगोल, व्याकरण, गणित, साहित्य आदि विषय भी पढ़ाए जाते थे। रविवार को विद्यालय बंद रहता था। प्राय: 150 वर्षों के बीतते-बीतते ईस्ट इंडिया कंपनी राज करने लगी। विस्तार में बाधा पड़ने के डर से कंपनी शिक्षा के प्रति उदासीन रही, फिर भी विशेष कारण और उद्देश्य से 1780 में 'कोलकाता मदरसा' और 1791 बनारस में संस्कृत कॉलेज की स्थापना कंपनी द्वारा की गई। इसमें हिंदू उच्च शिक्षा और इंग्लैंड की उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम एक साथ चलाए गए। इसके बाद में 1800 में उन्होंने कोलकाता में केवल इंग्लैंड की उच्च शिक्षा प्रणाली पर आधारित फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना की। इस कॉलेज में अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य और यूरोपीय ज्ञान के साथ-साथ भारतीय भाषाओं भारतीय इतिहास और हिंदू मुस्लिम कानून की भी शिक्षा दी जाती थी।

17 वी शताब्दी के प्रारंभ में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के आगमन के साथ यहां की मिशनरियों ने भी अपना कार्य भारत में प्रारंभ किया। ऐसा माना जाता है कि ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रत्येक जहाज के साथ एक पादरी भारत में आता था। ब्रिटेन के पश्चात फ्रांसीसी डच देशों के व्यापारियों तथा मिशनरियों के द्वारा अपना कार्य भारत में प्रारंभ किया गया। ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए भी उन्होंने शिक्षा को माध्यम बनाया। प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की गई। मिशनरियों के द्वारा इसाई धर्म की शिक्षा देने के साथ-साथ आधुनिक यूरोपीय शिक्षा एवं भारतीय विषयों की शिक्षा भी प्रदान की जाती थी।

1.1.2.4 ब्रिटिश शासन का शिक्षा पर प्रभाव

कंपनी ने प्रारंभ में व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के प्रति उदासीन रही फिर भी विशेष कारण और उद्देश्यों से अपने कर्मचारियों उनके बच्चों तथा आसपास के निवासियों के लिए सीमित

संख्या में प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की। कंपनी अब अपने राज्य के भारतीयों को शिक्षा देने की आवश्यकता को समझने लगी थी। 1813 ई0 के आज्ञा पत्र के अनुसार शिक्षा में धन व्यय करने का निश्चय किया गया। किस प्रकार की शिक्षा दी जाए? इसमें प्राच्य और पाश्चत्य शिक्षा के समर्थकों में मतभेद था। अंत में लार्ड मैकाले के तर्क-वितर्क और राजा राममोहन राय के समर्थन से प्रभावित हो 1835 में लॉर्ड बैंटिक ने निश्चय किया कि अंग्रेजी भाषा और साहित्य और यूरोपीय इतिहास, विज्ञान इत्यादि की भी पढ़ाई हो, और इसी में 1813 का आज्ञा पत्र में अनुमोदित धन व्यय हो।

1853 में शिक्षा की प्रगति की जांच के लिए एक समिति बनाई गई। 1854 में बुड के शिक्षा संदेश पत्र में समिति के निर्णय कंपनी के पास भेजे। संस्कृत, अरबी और फारसी का ज्ञान आवश्यक समझा गया। प्राथमिक शिक्षा उपेक्षित ही रही। उच्च शिक्षा की उन्नति होती गई। 1857 में कोलकाता, मुंबई और मद्रास में विश्वविद्यालय स्थापित हुए। प्राथमिक शिक्षा की दशा की जांच करते हुए शिक्षा के प्रश्नों पर विचार करने के लिए 1882 में सर विलियम हंटर की अध्यक्षता में भारतीय शिक्षा आयोग की नियुक्ति की गयी।

सन 1858 में ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश संसद ने देश का शासन अपने हाथ में ले लिया। रानी विक्टोरिया की सरकार ने अपना पूरा ध्यान अपनी स्थिति मजबूत करने में लगाया, शिक्षा संबंधी कार्य पीछे छूट गए। इस समय तक देश के अनेक प्रांतों में हजारों प्राथमिक विद्यालय विभिन्न माध्यमों से स्थापित किए गए। कई स्थानों पर हाई स्कूल खोले गए, नए कालेजों की स्थापना की गई।

1.1.3 वर्तमान शिक्षा प्रणाली की समस्याएं

किसी भी राष्ट्र अथवा समाज में शिक्षा सामाजिक नियंत्रण, व्यक्तित्व निर्माण तथा सामाजिक व आर्थिक प्रगति का मापदंड होती है । भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश प्रतिरूप पर आधारित है जिसे सन् 1835 ई० में लागू किया गया ।

सन् 1835 ई० में जब वर्तमान शिक्षा प्रणाली की नींव रखी गई थी तब लार्ड मैकाले ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अंग्रेजी शिक्षा का उद्देश्य भारत में प्रशासन के लिए बिचौलियों की भूमिका निभाने तथा सरकारी कार्य के लिए भारत के विशिष्ट लोगों को तैयार करना है ।इसके फलस्वरूप एक सदी तक अंग्रेजी शिक्षा के प्रयोग में लाने के बाद भी 1935 ई० में भारत की साक्षरता दस प्रतिशत के आँकड़े को भी पार

नहीं कर पाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की साक्षरता मात्र 13 प्रतिशत ही थी। इस शिक्षा प्रणाली ने उच्च वर्गों को भारत के शेष समाज में पृथक् रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ब्रिटिश समाज में बीसवीं सदी तक यह मानना था कि श्रमिक वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने का तात्पर्य है उन्हें जीवन में अपने कार्य के लिए अयोग्य बना देना। ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली ने निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए भी इसी नीति का अनुपालन किया।

लगभग पिछले दो सौ वर्षों की भारतीय शिक्षा प्रणाली के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह शिक्षा नगर तथा उच्च वर्ग केंद्रित, श्रम तथा बौद्धिक कार्यों से रहित थी। इसकी बुराइयों को सर्वप्रथम गाँधी जी ने 1917 ई० में गुजरात एजुकेशन सोसायटी के सम्मेलन में उजागर किया तथा शिक्षा में मातृभाषा के स्थान और हिंदी के पक्ष को राष्ट्रीय स्तर पर तार्किक ढंग से रखा। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में शांति निकेतन, काशी विद्यापीठ आदि विद्यालयों में शिक्षा के प्रयोग को प्राथमिकता दी गई।

सन् 1944 ई० में देश में शिक्षा कानून पारित किया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत हमारे संविधान निर्माताओं तथा नीति-नियामकों ने राष्ट्र के पुनर्निर्माण, सामाजिक-आर्थिक विकास आदि क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया। इस मत की पुष्टि हमें राधाकृष्ण समिति (1949), कोठारी शिक्षा आयोग (1966) तथा नई शिक्षा नीति (1986) से मिलती है।शिक्षा के महत्व को समझते हुए भारतीय संविधान ने अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिए शिक्षण संस्थाओं व विभिन्न सरकारी अनुष्ठानों आदि में आरक्षण की व्यवस्था की। पिछड़ी जातियों को भी इन सुविधाओं के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। स्वतंत्रता के बाद हमारी साक्षरता दर तथा शिक्षा संस्थाओं की संख्या में नि:संदेह वृद्धि हुई है परंतु अब भी 40 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निरक्षर है।

दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि स्वतंत्रता के बाद विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा व प्राविधिक शिक्षा का स्तर तो बढ़ा है परंतु प्राथमिक शिक्षा का आधार दुर्बल होता चला गया। शिक्षा का लक्ष्य राष्ट्रीयता, चरित्र निर्माण व मानव संसाधन विकास के स्थान पर मशीनीकरण रहा जिससे चिकित्सकीय तथा उच्च संस्थानों से उत्तीर्ण छात्रों में लगभग 40 प्रतिशत से भी अधिक छात्रों का देश से बाहर पलायन जारी रहा।

देश में प्रौढ़ शिक्षा और साक्षरता के नाम पर लूट-खसोट, प्राथमिक शिक्षा का दुर्बल आधार, उच्च शिक्षण संस्थानों का अपनी सशक्त भूमिका से अलग हटना तथा अध्यापकों का पेशेवर दृष्टिकोण वर्तमान शिक्षा प्रणाली के लिए एक नया संकट उत्पन्न कर रहा है। पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के नए चेहरे, निजीकरण तथा उदारीकरण की विचारधारा से शिक्षा को भी 'उत्पाद' की दृष्टि से देखा जाने लगा है जिसे बाजार में खरीदा-बेचा जाता है। इसके अतिरिक्त उदारीकरण के नाम पर राज्य भी अपने दायित्वों से विमुख हो रहे हैं।

इस प्रकार सामाजिक संरचना से वर्तमान शिक्षा प्रणाली के संबंधों, पाठ्यक्रमों का गहन विश्लेषण तथा इसकी मूलभूत दुर्बलताओं का गंभीर रूप से विश्लेषण की चेष्टा न होने के कारण भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली आज भी संकटों के चक्रव्यूह में घिरी हुई है। प्रत्येक दस वर्षों में पाठ्य-पुस्तकें बदल दी जाती हैं लेकिन शिक्षा का मूलभूत स्वरूप परिवर्तित कर इसे रोजगारोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली गैर-तकनीकी छात्र-छात्राओं की एक ऐसी फौज तैयार कर रही है जो अंततोगत्वा अपने परिवार व समाज पर बोझ बन कर रह जाती है। अत: शिक्षा को राष्ट्र निर्माण व चरित्र निर्माण से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है।

1.1.3.1 शिक्षा का व्यवसायीकरण

शिक्षा के बिना मानव पशु के समान है, क्योंकि शिक्षा ही सभ्यता और संस्कृति के निर्माण में सहायक होती है। आजकल शहरों में तो क्या गांव में भी शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है। सरकारी स्कूलों में केवल निर्धन वर्ग के बच्चे ही पढ़ने के लिए आते हैं। क्योंकि निजी संस्थाओं में फीस के रूप में बड़ी रकम वसूली जाती है। जिसे केवल पैसे वाले ही अदा कर पाते हैं। आज अच्छी और उच्च शिक्षा का व्यवसायीकरण हो रहा है। निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक मनमानी फीस वसूल कर रहा है। या यूं कहें शिक्षा का बाजार लगाकर लूट मचा रखा है। जहां एक ओर शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ फीस बढती जा रही है। आज के दौर में बढ़ती फीस के कारण मनपसंद स्कूल में प्रवेश लेना ही अपने आज बड़ी चुनौती है। फीस न होने के कारण कुछ लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजने में भी असमर्थ हैं। इसके साथ ही किताबें, वर्दी आदि खर्चे भी बहुत हो गए हैं। स्कूल का व्यवसाय इतना लाभदेय हो गया है कि स्कूल वालों ने पुस्तक और ड्रेस का व्यापार करना भी शुरू कर दिया है।

आज एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान नित जन्म ले रहे हैं। जहां सिर्फ अमीर वर्ग के लोग ही शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। संपन्नता और व्यवसायिकता कि इस अंधी दौड़ में शिक्षा रूपी व्यवसाय तो जरूर फल-फूल रहा है पर शिक्षा का मूल उद्देश खत्म हो गया है।

1.1.3.2 शिक्षा का राजनीतिकरण

आजकल स्कूल में जो शिक्षा दी जा रही है, वह वर्तमान के परिप्रेक्ष्य में कहां तक उचित है, इस पर राजनीतिक प्रभाव कितने पड़ रहे हैं? क्या इन राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण बालकों का अहित नहीं हो रहा है? इनके भविष्य निर्माण में बाधक नहीं हो रहा है, ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जो अनुत्तरित हैं। हमारे देश में लोकतंत्र है, जो भी सत्ताधारी पार्टियां आती हैं, वह शिक्षा में दखल देती हैं। अपनी वोटिंग उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उसके अनुरूप पाठ्यक्रम बदल देती हैं। जिसका राष्ट्र निर्माण में कोई योगदान नहीं होता। आज पाठ्यक्रम में देशप्रेम की भावना जगाने वाली कविताओं की जगह नहीं मिलती है। पहले की तुलना में अध्यापकों को भी अन्य कामों में व्यस्त कर दिया गया है, जिससे वह उन्हीं कामों में उलझा रहता है।

पढ़ाने के काम को सरकार व अध्यापकों ने दोयम दर्जे का काम मान लिया है। कुल मिलाकर इन सब से शिक्षा का स्तर गिर रहा है। इसका स्तर उठाना है। बालकों को संस्कारी बनाना है, तो शिक्षा का राजनीतिकरण रोकना होगा। इसे स्वायत्त संस्था बनाना होगा, जिसमें किसी का हस्तक्षेप ना हो यही बालकों के व देश के हित में होगा।

1.1.3.3 शिक्षण व्यवस्था में क्षरण को पश्चिमी पद्धति जिम्मेदार

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था क्षरण कि ओर है। इसके लिए केवल छात्र ही नहीं अभिभावक व शिक्षक भी जिम्मेदार है। पुरातन गुरु-शिष्य परंपरा हमारी देशी शिक्षा पद्धति थी। जिसमें छात्र अनुशासन में बंधकर गुरु का सम्मान करते थे, तथा शिक्षा पाते थे। परन्तु अब ऐसी स्थिति नही है, शिक्षा का बाजारीकरण हो गया है। जिस कारण वर्तमान शिक्षा प्रणाली क्षरण की ओर है, छात्र को शिक्षक का डर नही है, अभिभावक भी इस बात पर ध्यान नही देते हैं। अभिभावक बच्चों को शिक्षकों के पास भेजते तो है पर जानने का प्रयास नही करते कि हमारा पुत्र या पुत्री पढ़ाई कर रहा है या नहीं। वर्तमान में शिक्षक छात्र संबंधों में कमी आई है,यह एक औपचारिकता के स्तर पर आ गया है। छात्रों में सम्मान देने की भावना में कमी आई है। इसमें

छात्र ही दोषी नहीं बहुत हद तक शिक्षक भी जिम्मेदार है, देखने में आ रहा है कि बहुत जगह शिक्षक इस सम्मान का गलत फायदा उठाते हैं। पूर्व में गुरु शिष्य सम्बन्ध निःस्वार्थ था वर्तमान में यह स्वार्थपरक हो गया है। पैसा कमाने की सारी हदें शिक्षक पार कर चुके हैं जिस कारण यह क्षरण देखने को मिल रहा है। समय आ गया है कि अभिभावक,गुरू,छात्र चिन्तन करें। दूसरे पाश्चात्य शिक्षा पद्धति भी इस क्षरण के लिए जिम्मेदार है। इसे पुर्नप्रतिष्ठापित करने के लिए एक प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था करना पड़ेगा। प्राचीन गुरू-शिष्य परंपरा के टूटने से वर्तमान में शिक्षा की यह दुर्गति हुई है। पाश्चात्य शिक्षा पद्धति ने हमारी संस्कृति पर घात किया है। इस पर हम सभी को गहन चिन्तन के साथ राजनयिक को भी गंभीरता से शिक्षा व्यवस्था में बदलाव करना होगा।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में क्षरण के ढेर सारे कारण है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था का क्षरण होने के साथ ही निजी कोचिंग क्लासेज व निजी स्कूल का उदय का कारण बना। सरकारी विद्यालयों में न तो मजबूत आधारभूत संरचना है न ही योग्य शिक्षक जिस कारण शिक्षा का बाजारीकरण होते चला गया जो अब चरम पर है। इस समानांतर शिक्षा प्रणाली में पैसा कमाना मुख्य ध्येय रह गया है। जिस कारण छात्र पढ़े या नहीं पढ़े पैसा आना चाहिए हॉबी हो गया है। जिसे हमें सुधारने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। हम जब से अपनी शिक्षा पद्धति में पश्चिमी प्रणाली को लाए हैं। शिक्षक-छात्र के बीच सम्मान देने की खाई बढ़ी है। पहले जहां प्रणाम का स्थान था अब गुड मॉर्निंग व गुड इवनिंग पर आ गया है। इसमें आप शिक्षा में किस प्रकार की आशा कर सकते हैं। हमें सबसे पहले प्राथमिक स्तर की शिक्षा पर खास ध्यान देना होगा। इसे संस्कृति से जोड़ना होगा। तभी आप देसी संस्कृति वाली शिक्षा की कल्पना कर सकते हैं।

1.1.3.4 शिक्षा की उपेक्षा

शिक्षा किसी भी प्रदेश के विकास की रीढ़ होती है। इसमें भी प्राथमिक शिक्षा तो भवन की नींव की तरह है। यदि नींव ही कमजोर हो गई तो मजबूत भवन की उम्मीद बेमानी हो जाती है। दुर्भाग्य से पंजाब के तमाम सरकारी स्कूलों में ऐसा ही हो रहा है। स्कूलों में आधारभूत ढांचे से लेकर अध्यापकों तक का अभाव है। एक अध्यापक पांच-पांच कक्षाएं संभाल रहे हैं। ऐसी स्थिति के कारण ही अभिभावक सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवाने से परहेज करते हैं और प्राइवेट स्कूलों को प्राथमिकता देते हैं। सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति के कारण ही गली-गली में प्राइवेट स्कूल खुल गए हैं। तमाम प्राइवेट

स्कूलों ने शिक्षा को व्यवसाय बना लिया है और अभिभावकों का भरपूर शोषण कर रहे हैं। होशियारपुर के गांव कितना के सरकारी स्कूल की बात करें तो यहां चार वर्षो से कोई अध्यापक है ही नहीं। ऐसी खबरें हैरान करती हैं, साथ ही सरकार व शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान भी लगाती हैं। यह स्थिति देश के संपन्न राज्यों में शुमार पंजाब की हो तो और आश्चर्य होता है। आखिर सरकार को स्कूलों में अध्यापक की व्यवस्था करने के लिए कितना वक्त चाहिए। क्या सरकार इतनी लाचार है कि चार सालों में स्कूल में अध्यापक भी नहीं नियुक्त नहीं कर सकती। गांव कितना के स्कूल में एक अध्यापिका है भी तो वह तीन साल में तीसरी बार विदेश गई है। यहां बच्चों को पढ़ाने के लिए एक एनआरआइ ने अपने स्तर पर वेतन देकर दो अध्यापिका की व्यवस्था की है। ऐसी स्थिति में यह तो तय है कि वहां पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा ही। करीब पांच साल पहले केंद्र सरकार ने शिक्षा का अधिकार कानून बनाया था। इसका मकसद यही था कि हर बच्चे को शिक्षा मिले क्योंकि यह उसका अधिकार है। लेकिन सिर्फ कानून बन जाने से बात नहीं बनती। यह तो सरकारों को देखना होगा कि कानून के मुताबिक काम हो रहा है या नहीं। पंजाब सरकार को तत्काल ऐसे स्कूलों की पहचान कर वहां अध्यापकों की व्यवस्था करनी चाहिए और बार-बार विदेश जाने वाले अध्यापकों से सख्ती से पेश आना चाहिए क्योंकि शिक्षा की उपेक्षा देश के भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है।

1.1.3.5 भारतीय संस्कृति की उपेक्षा

शिक्षा की संस्था सभ्य समाज की एक जरूरी संस्था का स्थान ले चुकी है। अत: शिक्षा किस लिए हो या उसका क्या उद्देश्य हो, यह प्रश्न समाज और व्यक्ति के जीवन के संदर्भ में उठना स्वाभाविक है। देश में आजकल यह बात आम होने लगी है कि हमारी शिक्षा अपने परिवेश-संस्कृति से कटती जा रही है। जिस समाज या संस्कृति से शिक्षा का पोषण होता है और जिसके लिए वह प्रासंगिक होनी चाहिए वह एक दु:स्वप्न सरीखी होती जा रही है। इन सबके बीच जो पढ़-लिख जाता है वह मानो एक बड़ी यांत्रिक व्यवस्था के उपकरण के रूप में ढल जाता है। प्रतिस्पर्धा की दुनिया में उसका उद्देश्य सफलता, उपलब्धि और भौतिक प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने तक सीमित हो रहा है। इस तरह यह शिक्षार्थी के मानस को संकुचित बनाने का काम कर रही है। एक ओर तो विश्वस्तरीय शिक्षा देने का संकल्प लिया जाता है तो दूसरी ओर सर्वत्र एक ही ढर्रे पर पढ़ाई करने की कवायद भी जारी है।

आज प्रचलित शिक्षा मनुष्य को स्वचालित रोबोट बनाने पर जोर देती है। इस शिक्षा से निकलने वाले होनहार युवाओं की स्थिति विचित्र हो रही है। जिस सीढ़ी के सहारे चढ़कर वे ऊपर पहुंचते हैं उस सीढ़ी से बेझिझक अलग हो जाते हैं। वे उस भूमि से अलग हो जाते हैं जिसने जीवन दिया। यह शिक्षा सांस्कृतिक विचार, विश्वास, सहयोग, सहनशीलता आदि की कीमत पर दी जा रही है। लिहाजा उनमें सामाजिक सृजनात्मकता और निजी लाभ के आगे किसी तरह की सामाजिक सकारात्मकता विरल होती जा रही है। यदि हम स्कूली शिक्षा को लें जो शिक्षा का प्रवेश द्वार है, तो पाते हैं कि भारत में पहले कई तरह के विद्यालय चलते रहे हैं। यहां प्राचीन काल में गुरुकुल, पाठशाला और मदरसा मौजूद थे। यहां आने के बाद अंग्रेज अधिकारियों ने प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में जो रपटें लिखीं वे आश्चर्यजनक रूप से इसकी अच्छी स्थिति प्रदर्शित करती हैं। उनकी नजरों में तब यहां की शिक्षा संस्कृति से जुड़ी थी। बाद के दिनों में कोठारी शिक्षा आयोग द्वारा संस्कृति पर ध्यान देने की बात की गई थी। उसने इस बात पर जोर दिया था कि कार्यक्षेत्र, शिक्षा, घर, परिवार, व्यक्ति और समाज के बीच कोई द्वंद्व नहीं होना चाहिए।

महात्मा गांधी ने भी 'नई तालीम' का विचार दिया था जिसमें शरीर, हाथ, बुद्धि सबका संतुलन होता है और इसके लिए उन्होंने स्थानीय संसाधन के उपयोग का सुझाव दिया था। इसमें निरी बौद्धिकता पर अतिरिक्त बल न देकर शरीर, मन, आत्मा सब पर ध्यान देने की बात कही गई। इसके अंतर्गत स्वावलंबन, देशभक्ति, आत्म-संपन्नता और संयम जैसे जीवन मूल्यों पर बल देना प्रस्तावित है। प्राथमिक शिक्षा से मोहभंग के साथ कई विकल्पों पर काम शुरू हुआ। गुरुदेव रवींद्रनाथ ने शांतिनिकेतन के पास श्रीनिकेतन बनाया था। रुक्मिणी देवी अरुंडेल, एनी बेसेंट और जे कृष्णमूर्ति ने भी अलग-अलग प्रयास किए। इन सब प्रयासों में जीवन कौशल और कला पर बल दिया गया ताकि छात्रों को आस-पास की दुनिया से जुड़ने का भी अवसर मिले। उनका मानना था कि समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए प्राचीन और नए हुनर भी आने चाहिए जो संस्कृति विशिष्ट होते हैं।

शिक्षा के मूल्य की अभिव्यक्ति मूर्त और अमूर्त, दोनों माध्यमों से होती है। समाज और समुदाय व्यक्ति से ऊपर होते हैं। भारत की समृद्ध वाचिक परंपरा बड़ी प्राचीन है। आज जो शिक्षा (मस्तिष्क!) विदेश से लाकर देश में प्रत्यारोपित की जा रही है वह एक हद तक भारतीय मूल्यों को जड़ से विस्थापित कर रही है। आर्थिक संपन्नता से सांस्कृतिक विपन्नता की भरपाई नहीं हो सकती। नैतिक मूल्यों का अभाव, तनाव,

द्वंद्व, हिंसा और असहनशीलता तो किसी भी तरह ग्राह्य नहीं है। मनुष्यता के विकास के लिए संस्कृति आधारित शिक्षा के अतिरिक्त और कोई साधन उपलब्ध नहीं है।

भारतीय संस्कृति की दृष्टि में अच्छी दुनिया वह है जिसमें बहुलता, पारस्परिकता और सह अस्तित्व हों, पर हम इसे छोड़कर अंग्रेजी पर अधिकार करने चले और उसी ने हम पर अधिकार जमा लिया। सांस्कृतिक क्षति के चलते हम बोलने और सोचने को लेकर विभाजित व्यक्तित्व वाले होते जा रहे हैं। अर्थात बाहर से ग्रहण किया या लिया, पर अंदर जो मौजूद है वह गया भी नहीं। अब द्वंद्व और दुविधा के साथ किंकर्तव्यविमूढ़ हो रहे हैं। औपनिवेशिक शक्तियों की भाषा हमारा माध्यम हो गई है। धर्म, भाषा, पशु, पक्षी, प्रतिमा, पुरातत्व, कला, राजनीति और अर्थशास्त्र आदि के क्षेत्रों में भारतीय अपनी शिक्षा से अपरिचित होते जा रहे हैं।

हमें अपनी संस्कृति की भी चिंता नहीं है। विद्यालयों में प्रक्रिया के स्तर पर अध्यापक और सहपाठी के साथ सहयोग कैसे स्थापित किया जाए यह आज की कठिन चुनौती बन गई है। आज शिक्षा एक खास तरह का व्यापार बनती जा रही है। विद्यालयों के साथ समाज का रिश्ता नहीं बन रहा है और जन भागीदारी बहुत सीमित हो गई है। आधुनिकता और यहां की प्राचीन ज्ञान परंपरा के बीच आज तक सामंजस्य नहीं बन पाया है। सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति तो हो रही है, पर इन सबके बीच इंसान खो गया है।

आज बुद्ध, महावीर, ईसा, महात्मा गांधी के विचार कहां हैं? हम किधर जा रहे हैं? आज यह विचारणीय सवाल है। हमें भौतिकता के मिथक तोड़ने होंगे। मशीनीकरण की होड़ से बचना होगा। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली में स्थित सामाजिक चेतना, ब्रह्मांडीय चेतना ही आधुनिक आत्मकेंद्रित उपभोक्तावाद की समस्या का समाधान कर सकती है। अहं का प्रकृति पर विजय की जगह प्रकृति और समाज के बीच संबंध स्थापित करने से ही स्वराज, स्वदेशी और सर्वोदय के विचार जीवित होंगे। शांति की संस्कृति का विकास नैतिक अनुशासन से ही आ सकेगा। और तभी बच्चे में श्रेष्ठ का आविष्कार करने की ललक और स्वावलंबी जीवन व्यतीत करने की इच्छा पनप सकेगी। तभी पूर्ण सामाजिक विकास और धार्मिक समानता भी आ पाएगी।

दरअसल विचारों का विकास और उनकी समाज में उपस्थिति के कई आधार होते हैं। प्राय: माना जाता है कि आधुनिकता का विचार पश्चिम से भारत की ओर आगे बढ़ा। यहां की अपनी आधुनिकता को औपनिवेशिक आधुनिकता ने नकारात्मक ढंग से प्रभावित किया। यहां एक तरह की संकर या मिश्रित आधुनिकता का आरंभ हुआ। यहां की आधुनिकता पश्चिमी आधुनिकता से जटिल रूप में जुड़ी और फिर शिक्षा का सांस्कृतिक विमर्श भी बाधित हुआ। जाहिर है शिक्षा का प्रयोजन भविष्य के लिए तैयारी और नियोजन से जुड़ा है। इसलिए इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसे में जरूरी है कि हमारी शिक्षा प्रणाली में समय के साथ आ गई इन खामियों को दूर किया जाए।

1.1.4 शिक्षा और संस्कृति

शिक्षा एक आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके द्वारा कार्य और विचार की नई पद्धतियां सीखते रहते हैं। उसे व्यवहार में ऐसे बदलाव लाने को बढ़ावा मिलता है, जिससे मनुष्य की स्थिति में सुधार आए। छात्रों में एक सामाजिक भाव की संस्कृति पनपने में शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षण संस्थान ज्ञान के मंदिर हैं, मंदिर इसलिए कि ज्ञान से पवित्र सृष्टि में और कुछ है ही नहीं,

"न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।"

संस्कृति किसी समाज की पहचान होती है यह उसके रहन-सहन एवं खान-पान की विधियों व्यवहार प्रतिमानो, रीति-रिवाज, कला-कौशल, संगीत-नृत्य, भाषा-साहित्य, धर्म-दर्शन, आदर्श-विश्वास और मूल्यों के विशिष्ट रूप में जीवित रहती है। तब किसी समाज की शिक्षा पर उसकी संस्कृति का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। जिस समाज की संस्कृति आध्यात्म प्रधान होती है उस समाज में शिक्षा स्थूल की अपेक्षा सूक्ष्म की प्राप्ति की ओर अधिक झुकी हुई होती है और जिस समाज की संस्कृति भौतिकवादी होती है उसकी शिक्षा प्रतियोगिता पर आधारित होती है और शिक्षा के क्षेत्र में व्यक्ति का श्रम भौतिक उद्देश्य की प्राप्ति की और नियोजित होता है दूसरी ओर कोई समाज शिक्षा के माध्यम से ही अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखता है उसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में संक्रमित करता है और उसमें परिवर्तन एवं विकास करता है।

संस्कृति और शिक्षा का गहरा संबंध होता है। यह एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। एक के अभाव में दूसरे के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षा और संस्कृति में चोली और दामन जैसा संबंध है शिक्षा के साथ सांस्कृतिक मूल्यों की सुरक्षा की जाए तो शिक्षा जीवन निर्माण में उपयोगी बन सकती है।

1.1.4.1 शिक्षा में संस्कृति का महत्व

भारतीय परिवेश में जब हम शिक्षा की बात करते हैं तो भारत में "विद्या जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण वस्तुतः मूलभूत साधन थी परंतु वह साधन ही रहे साथ कभी नहीं बनी।" जिससे केवल भारतीय शिक्षा व्यवस्था में ही नहीं बल्कि समाज व्यवस्था में भी कई त्रुटियां रही हैं जिसका परिणाम हमें संस्कृति पर भी दिखाई पड़ता है। आज शिक्षा में संस्कृति को जोड़ कर देखा जाए तो मानव की प्रवृतियां संस्कार से असंस्कार की ओर बढ़ रहीं हैं इसका एकमात्र कारण है आधुनिक विज्ञान, राजनीति और संस्कृति में सामंजस्य का अभाव। शिक्षा संस्थाओं का व्यवसायीकरण हो चुका है और ज्ञान का माध्यम केवल एक ही भाषा को माना जा रहा है इसके विपरीत परिणाम भी समाज को झेलने पड़ रहे हैं भारतीय आधुनिक जगत में जो समस्याएं सामने आ रही हैं उनमें हमारी शिक्षा व्यवस्था नवीन तरुण होती संस्कृति और सामाजिक विषमता ही एक में कारण है जिसके लिए किसी एक को दोषी मानना पूर्णता गलत होगा।

1.1.4.2 शिक्षा और संस्कृति का अंतर्संबंध

संस्कृति तथा शिक्षा मानव जीवन के दो जीवंत पहलू हैं। संस्कृति परिष्कृत परिवेश तथा व्यवस्था प्रदान करती है जबकि शिक्षा मानव का विकास करती है। यदि व्यक्ति का सही ढंग से विकास नहीं होगा तब वह संस्कृति के अवयवों को सही परिप्रेक्ष्य में ग्रहण नहीं कर सकता है। व्यक्ति को अपनी संस्कृति का ज्ञान शिक्षा से ही होता है एवं दूसरे शब्दों में शिक्षा को संस्कृति का संवाहक कहा जा सकता है। शिक्षा और संस्कृति में सदैव अटूट सम्बन्ध रहता है। इसी कारण व्यक्ति का सांस्कृतिक विकास करना भी शिक्षा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उद्देश्य माना गया है। वस्तुत: संस्कृति तथा शिक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं एवं दोनों का समन्वय होने पर ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास संभव होता है।

शिक्षा और संस्कृति की बात की जाए तो शिक्षा और संस्कृति में ऐसा गहरा संबंध है जैसे चोली और दामन का होता है। उनका एक दूसरे के बिना संपूर्ण होना कभी संभव नहीं है। जैसे कोई व्यक्ति शिक्षा

के बिना नहीं रह सकता उसी प्रकार वह शिक्षा के सांस्कृतिक नियमों से परिपूर्ण हुए बिना संपूर्ण नहीं माना जाएगा। व्यक्ति का अधिकतर समय समाज में ही गुजरता है वह समाज में रहकर समाज में घटित घटनाओं के माध्यम से नित नवीन हर रोज सीखता है। इस प्रक्रिया के दौरान भी वह शिक्षा द्वारा बनाए गए सांस्कृतिक नियमों का पालन बराबर करता रहता है क्योंकि "सांस्कृतिक मानव की सामुदायिक सौंदर्य मूलांक उपलब्धि है संस्कृति के तत्वों से शिक्षा का स्वरूप किसी समुदाय में बनता है जहां संस्कृति एक समुदाय की पीढियों से परिष्कृत विकसित जीवन शैली है वहां संस्कृति उसे परिष्कृत विकसित करने में सहायक नहीं अपरिहार्य अंग है।"

संस्कृति मनुष्य की बौद्धिक और नैतिक अवधारणाओं को प्रमाणित ही नहीं करती हैं उनका निर्माण भी करते हैं लेकिन यह सब कह कर हम विज्ञान की महत्ता को अस्वीकार नहीं कर सकते यह सब करने की क्षमता उसमें भी उतनी ही है इस प्रक्रिया में शिक्षा और संस्कृति का जो अंतर्संबंध बनता है वह महत्वपूर्ण है।

संस्कृति उनके सीखने के स्वभाव को निर्धारित करती है बहुत हद तक उसके इस स्वभाव से निर्धारित होता है कि बच्चा क्या सीखेगा और किन बातों को सीखना उसके लिए आसान होगा।"

शिक्षा जीवन का अनमोल उपहार है और संस्कृति जीवन का सार है इन दोनों के बिना समाज में सब कुछ बेकार है शिक्षा व्यक्ति के जीवन को ना केवल दिशा देती है वरन दशा भी बदल देती है।

1.1.5 धर्म और शिक्षा

धर्म और शिक्षा का गहरा संबंध है। एक सच्ची शिक्षा प्रणाली मनुष्य में उन्हीं आदर्शों तथा मूल्यों को विकसित करती है। जो संसार के समस्त धर्मों की प्रमुख दार्शनिक विचारधाराओं पर आधारित होते हैं। धर्म और शिक्षा का संबंध इसलिए भी है, कि शिक्षा का संबंध संस्कृति से है, और संस्कृति धर्म का एक महत्वपूर्ण अंग है। जो कि संस्कृति को पाठ्यक्रम में अवश्य स्थान दिया जाता है। इसलिए धर्म भी पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है।

धर्म मानव में सहनशीलता तथा नम्रता आदि गुणों को विकसित करता है। इन गुणों के द्वारा शिक्षा जनतंत्र के आदर्श को सरलता पूर्वक प्राप्त कर सकती है।

डॉ राधाकृष्णन ने वर्तमान युग में धार्मिक शिक्षा पर बल देते हुए कहा है कि. "यदि हम केवल औद्योगिक तथा व्यवसायिक शिक्षा पर बल देकर आध्यात्मिक शिक्षा की उपेक्षा करेंगे तो सामाजिक बर्बरता तथा राक्षस राज के आने में कोई कसर न रह जाएगी।"

उन्होंने आगे लिखा है भारतीय परंपरा के अनुसार शिक्षा के बल जीविका कमाने का ही साधन नहीं है और ना ही यह विचारों की पाठशाला तथा नागरिकता का स्कूल है। यह मानवीय आत्माओं को सत्य की खोज तथा गुणों को विकसित करने का प्रशिक्षण है। यह दूसरा जन्म है, द्वितीय जन्म है।

1.1.5.1 धर्म और शिक्षा एक दूसरे के पूरक

धर्म और शिक्षा का संबंध अत्यंत घनिष्ठ और प्राचीन है। प्राचीन भारत में शिक्षा धर्म पर आधारित थी। यूरोप में भी यही स्थिति रही है। धर्म व शिक्षा परंपरा पर एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। शिक्षा धर्म द्वारा ही नैतिक और आध्यात्मिक आदर्श प्राप्त करती है। शिक्षा बालक का चौमुखी विकास करती है। धर्म मानव में नैतिक, चारित्रिक एवं अध्यात्मिक विकास लाता है। अतः धर्म और शिक्षा दोनों ही बालकों के विकास में संलग्न है। भारतीय दर्शन में धर्म के 10 लक्षण बताए गए हैं। शिक्षा धर्म के बताए गए 10 लक्षणों पर बल देकर बालक को शिक्षित करती है। अतः धर्म और शिक्षा परस्पर एक-दूसरे के पूरक हैं। दोनों का एक ही उद्देश्य है, मानव का सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास।

1.1.5.2. प्राचीन काल में धर्म के अधीन शिक्षा

भारत के प्राचीन शिक्षा आध्यात्मिक पर आधारित थी। शिक्षा मुक्ति एवं आत्मबोध के साधन के रूप में थी। यह व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि धर्म के लिए थी। भारत की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विरासत परंपरा विश्व इतिहास में प्राचीनतम है। इस युग कि यह मानता थी कि जिस प्रकार अंधकार को दूर करने का साधन प्रकाश है। उसी प्रकार व्यक्ति के संशय और भ्रम को दूर करने का साधन शिक्षा है। प्राचीन काल में शिक्षा में धर्म का अधिक महत्व था। ऋग्वेद युग की धर्म का उद्देश्य था कि तत्व साक्षात्कार। ब्रह्मचर्य और


योगाभ्यास से तत्व का साक्षात्कार करने वाले विप्र, वैधस, मुनी, मनीषी के नामों से सुप्रसिद्ध थे। विद्यालय गुरुकुल, आचार्य कुल, ग्रह कुल आदि नामों से विदित थे। प्राचीन काल में धर्म के नियमानुसार शिक्षा दी जाती थी। आचार्य धर्म, बुद्धि से निशुल्क शिक्षा देते थे। वेदों का अध्ययन श्रावण की पूर्णिमा को उपाकर्म से प्रारंभ होकर पौष की पूर्णिमा को समाप्त होता था। शेष महीनों में अधीत पाठों को आवृत्ति, पुनरावृति होती रहती थी। इस प्रकार प्राचीन काल में शिक्षा में धर्म का महत्व अधिक था तथा शिक्षा धर्म के अनुसार ही प्रदान की जाती थी।

1.1.5.3. शिक्षा का धर्म से विमुखीकरण

प्राचीन काल में शिक्षा और धर्म का नजदीकी संबंध था। शिक्षा की शुरुआत धर्म के आधार पर हुई थी। शिक्षा धर्म के अधीन थी। धर्म का महत्व अधिक था। धर्म गुरुओं द्वारा शिक्षा की प्राप्त विद्यार्थियों को होती थी। धार्मिक शिक्षा के कारण समाज में नैतिकता व्याप्त थी। लेकिन जैसे-जैसे विज्ञान युग की शुरुआत के साथ-साथ हम आधुनिकता की ओर बढ़े तो धार्मिक कल्पनाओं को झूठा साबित करने लगे और आस्था-अनास्था में बदलने लगी। शिक्षा का स्तर भी बदलने लगा। शिक्षा का माध्यम तथा सोच धीरे-धीरे बदलने लगी। शिक्षा से नैतिकता, धर्म और मूल्य परकता का ह्रास होने लगा। शिक्षा अब केवल आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो गई थी। धर्म और नैतिकता से शिक्षा का संबंध धीरे-धीरे कम होने लगा। नैतिक विचार, धार्मिक मान्यताओं का लोप होता चला गया और शिक्षा का उद्देश्य केवल जीविकोपार्जन था। कालांतर में शिक्षा का व्यवसायीकरण होने लगा। समय-समय पर पुनः वही संस्कृति और नैतिकता की शिक्षा में पुनः स्थापित करने में अनेक महापुरुषों ने योगदान दिया। जिनमें कई धर्मगुरु समाज सुधारक आदि शामिल हैं।

1.1.6 समाज सुधारकों के शैक्षिक प्रयास

- **महर्षि दयानंद सरस्वती**



महर्षि दयानंद सरस्वती एवं उनके अनुयायियों द्वारा स्थापित आर्य समाज ने साहित्यिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये। महेश दयानंद ने अपने ग्रंथ हिंदी में लिखकर राष्ट्र-भाषा के विकास में योगदान दिया। महेश दयानंद संस्कृत के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उसके अध्ययन और अध्यापन हेतु बल दिया।

आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रसार करना था, आता उसने प्राचीन आश्रम व्यवस्था को पुन स्थापित करते हुए उसके अध्ययन और अध्यापन हेतु बल दिया। उसने शिक्षा की प्राचीन गुरुकुल प्रणाली को प्रचलित किया, जहां विद्यार्थी ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए गुरु के आश्रम में विद्या अध्ययन कर सकें। और समाज ने ही मैं कल की माया से मुग्ध भारतीयों की मोह निद्रा को भंग किया। उस समय हिंदुओं में नारी शिक्षा के विरुद्ध वातावरण व्याप्त तथा स्त्रियों को पढ़ाना समाज में अनुचित माना जाता था और वेदों को पढ़ना-पढ़ाना स्त्रियों के लिए वर्जित था। स्त्रियों में कठोर पर्दा प्रथा भी स्त्रियों की शिक्षा में बाधक थी।

- **स्वामी विवेकानंद**



स्वामी जी सामाजिक परिवर्तन की गति को तीव्र करना चाहते थे और भारत में व्यापक बदलाव लाना चाहते थे। उन्होंने शरीर, मस्तिष्क और आत्मा की भूमिका पर विचार किया, लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा भरोसा 'आत्मा' पर है, जो उनकी क्रांति-दृष्टि को दृढ़ भारतीय जमीन देती है। यह विश्व में अन्यत्र संभव नहीं है। स्वामीजी कहते हैं- 'शारीरिक शक्ति द्वारा अनेक महान कार्य संपन्न होते हैं और मस्तिष्क की अभिव्यक्ति भी अद्भुत है, जिससे विज्ञान के सहारे तरह-तरह के यंत्रों और मशीनों का निर्माण होता है। स्वामी जी ने भारत के सम्पूर्ण परिवर्तन के लिए किसी एक वर्ण या समुदाय के परिवर्तन को पर्याप्त नहीं माना है, जब तक सभी इस दिशा में तत्पर नहीं रहेंगे, तब तक यह बदलाव पूरा नहीं होगा। इसलिए वे सभी को विचारवान बनाना चाहते हैं और आचरण की शुद्धता पर भी बल देते हैं।

- **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**




देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारतीय शिक्षा जगत को नई दिशा दी। उनका जन्मदिन देश शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। वे निष्काम कर्मयोगी, करुणा हृदयी, धैर्यवान, विवेकशील और विनम्र थे। उनका आदर्श जीवन भारतीयों के लिए ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

एक बार डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन के शुभ अवस र पर उनके छात्रों और दोस्तों ने उनसे जन्मदिन का जश्न मनाने की अनुमति मांगी लेकिन जवाब में उन्होने कहा कि मेरे जन्मदिन का जश्न मनाने के बजाय अगर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। उनका मानना था कि समाज और देश की विभिन्न बुराइयों को शिक्षा के द्वारा ही सही तरीके से हल किया जा सकता है।

राधाकृष्णन जी ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु कई प्रयास किए और शिक्षकों, छात्रों और शिक्षा पद्धति के बीच एक मजबूत सम्बन्ध विकसित किया। कुल मिलाकर उन्होंने पूरी शिक्षा प्रणाली को ही बदल डाला। उनके अनुसार शिक्षकों को विद्यार्थियों का स्नेह और सम्मान प्राप्त करने के लिए आदेश नहीं देना चाहिए, बल्कि उन्हें इसके योग्य बनाना चाहिए।

- **रवीन्द्रनाथ टैगोर**

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के समय में भारतीय शिक्षा का स्वरूप अपने पूर्वकालिक शिक्षा के सदृश थी। जिस प्रकार से प्राचीनकाल में शास्त्रीय शिक्षा के विकास पर विशेष बल दिया जाता था, ठीक उसी प्रकार से आधुनिक शिक्षा के विकास में भी योगदान दिया गया है।



रवीन्द्रनाथ टैगोर आधुनिक युग के महान दार्शनिक एक शिक्षाशास्त्री थे। अपने मौलिक एवं नए विचारों के द्वारा भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में मह त्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी भारतीय संस्कृति के आधार पर भारतीय शिक्षा की नींव डाली। इन्होंने अपने संदेश में शिक्षा को प्राकृतिक वातावरण में दिए जाने पर बल दिया, अतः ये प्रकृतिवादी शिक्षा के पक्षधारी थे। टैगोर ने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए एक ऐसी शिक्षा की संकल्पना की जो मानव का पूर्ण एवं संतुलित विकास करें, जिसमें समाज एवं राष्ट्र दोनों की प्रगति हो, जिसके लिए उन्होंने अपने समय की क्रमबद्ध तथा निष्क्रिय शिक्षा का विरोध किया और बताया कि सभी शिक्षा का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह बालक को जीवन तक विश्व के स्वर के मिलन से पूर्णतया अवगत कराए तथा दोनों के मेल के मध्य संतुलन स्थापित करें।

- **गुरुदेव रणछोड़ जी महाराज**



गुरुदेव रणछोड़ जी महाराज एक महान संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके शैक्षिक प्रयासों का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों तक शिक्षा का प्रसार करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। उनका मानना था कि शिक्षा ही समाज के विकास का प्रमुख आधार है और इससे व्य क्ति के भीतर आत्मज्ञान, नैतिकता और सेवा भावना का विकास होता है।

गुरुदेव रणछोड़ जी महाराज का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं है, बल्कि व्यक्ति के समग्र विकास में सहायक होना चाहिए। उनके अनुसार, शिक्षा का मतलब है मन, बुद्धि, और आत्मा का विकास, जिससे व्यक्ति सही और गलत में भेद कर सके और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ सके। वे शिक्षा को मानवता और नैतिकता से जोड़ते थे, और इस बात पर जोर देते थे कि शिक्षा का असली उद्देश्य सेवा और समर्पण की भावना को जागृत करना है।

गुरुदेव रणछोड़ जी महाराज ने शिक्षा में नैतिक और धार्मिक मूल्यों के समावेश पर बल दिया। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यावसायिक सफलता प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि व्यक्ति के भीतर नैतिकता, अनुशासन और समाज के प्रति सेवा भावना का विकास करना चाहिए। वे धार्मिक शिक्षाओं के माध्यम से नैतिकता का विकास करना चाहते थे, ताकि व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे और एक सच्चे नागरिक के रूप में जीवन यापन कर सके।

1.2 समस्या का प्रादुर्भाव

शिक्षा मनुष्य के जीवन में जीवन चलने वाली प्रक्रिया है। किसी भी देश के विकास एवं उसके सामाजिक उत्थान में उस देश के नागरिकों का सहयोग अति आवश्यक होता है। अतः शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है। प्राचीन काल में शिक्षा धार्मिक, संस्कृति एवं नैतिकता से परिपूर्ण होती है। जैसे-जैसे हम आधुनिकता और विज्ञान युग की ओर बढ़ते गए शिक्षा प्रणाली से धर्म संस्कृति और नैतिकता का लोप होता गया। विज्ञान युग तक आते-आते शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलाव आए, शिक्षा का व्यवसायीकरण,

राजनीतिकरण हुआ। परंतु जब तक शिक्षा जीवन के मूल्यों, आदर्शों एवं मान्यताओं का परिचय नहीं देती तब तक वह शिक्षा नहीं कही जा सकती।

वर्तमान समय में शिक्षा का धर्म से विमुखीकरण हुआ है और शिक्षा व्यवस्था में अनेक समस्याएं सामने आ रही हैं। शिक्षा के व्यवसायीकरण के बाद समाज में आर्थिक संपन्न लोग ही अपने बच्चों को शिक्षा दिला रहे हैं तथा गरीब, पिछड़े ,असहाय बच्चे आज भी अच्छी शिक्षा के लिए वंचित हैं। इन वंचित बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने व उनकी हर संभव मदद को कुछ धार्मिक सामाजिक संस्थायें प्रयास कर रही हैं। जिनमें से एक गुरुदेव रणछोड़ व्यास जी महाराज द्वारा स्थापित सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट है। जिनका मानवता की सेवा के लिए अमूल्य योगदान है। यह इंटरेस्ट नेट चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व विदित है। लेटेस्ट समाज सेवा के क्षेत्र में अन्य गतिविधियों के साथ-साथ शैक्षणिक क्षेत्र में भी अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। इसलिए शोधार्थी द्वारा सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के शैक्षिक योगदान पर शोध कार्य करने का निश्चय किया गया।

1.3 समस्या कथन

शोधकर्ता द्वारा शोध के लिए निम्न समस्या का चुनाव किया गया-

"श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान"

1.4 समस्या कथन में निहित शब्दों की व्याख्या

1.4.1 सद्गुरु

सद्गुरु का अर्थ है एक ऐसा गुरु या आध्यात्मिक मार्गदर्शक जो सच्चे ज्ञान, अनुभूति और सत्य का प्रत्यक्ष अनुभव करा सके। 'सद्गुरु' शब्द में 'सत्' का अर्थ है 'सत्य' या 'सच्चा', और 'गुरु' का अर्थ है 'शिक्षक' या 'मार्गदर्शक'। इस प्रकार, सद्गुरु वह व्यक्ति होता है जो आत्मज्ञान प्राप्त कर चुका हो और अपने शिष्यों को भी सत्य का मार्ग दिखाने में सक्षम हो।

सद्गुरु को एक आत्म-साक्षात्कारी गुरु माना जाता है जो शिष्य को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर सत्य की रोशनी में ले जाता है। उनका उद्देश्य सिर्फ बौद्धिक ज्ञान देना नहीं होता, बल्कि शिष्य को उसके अस्तित्व के सत्य का अनुभव कराना होता है।

1.4.2 ट्रस्ट

"ट्रस्ट" का हिंदी में अर्थ है "विश्वास" या "आस्था"। यह एक ऐसी भावना या विश्वास है, जिसके माध्यम से हम किसी व्यक्ति, संगठन, या व्यवस्था पर यह भरोसा करते हैं कि वह सही, ईमानदार और भरोसेमंद है।

प्रस्तुत लघुशोध में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट से तात्पर्य गुरुदेव रणछोड़दास जी महाराज जी द्वारा 1968 में स्थापित एक ट्रस्ट से है जो जानकीकुंड चित्रकूट (म.प्र.) में स्थित है।

1.4.3 शैक्षिक योगदान

- **शैक्षिक**- शैक्षिक का अर्थ है शिक्षा से जुड़ा हुआ क्षेत्र अर्थात शिक्षा देने वाला या जिससे शिक्षा मिले सच में शिक्षा प्रणाली से संबंधित कार्य।
- **योगदान**-योगदान का अर्थ- सहयोग देना या किसी काम में साथ देने या किसी काम में साथ देने या सहायक होने की क्रिया। योगदान का आशय किसी को सहायता देने, हाँथ बंटाने मदद करने से हैं।

  प्रस्तुत लघुशोध में शैक्षिक योगदान से तात्पर्य शैक्षिक क्षेत्र में किया जा रहे विभिन्न प्रयासों से है।

1.5 अध्ययन के उद्देश्य

प्रस्तुत शोध के निम्नलिखित उद्देश्य हैं -

- गुरुदेव रणछोड़ दास जी महाराज के जीवन दर्शन एवं शैक्षिक विचारों का अध्ययन करना ।
- सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के शैक्षिक दर्शन का अध्ययन करना।
- सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
- सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के विभिन्न प्रकल्पों का अध्ययन करना।
- प्रस्तुत अध्ययन की शैक्षिक उपादेयता चिह्नित करना।
- अध्ययन के आधार पर शैक्षिक उन्नयन एवं नवाचार हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

1.6 अध्ययन का परिसीमांकन

प्रस्तुत लघुशोध-प्रबंध गुरुदेव रणछोड़ दास जी महाराज जी के व्यक्तित्व व कृतित्व,सामाजिक योगदान तथा सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सामाजिक व शैक्षिक योगदान के अध्ययन तक सीमित है।

1.7 शोध विधि

किसी भी शोध कार्य में विषय विशेष के बारे में बोधपूर्ण तथ्यान्वेषण के लिए अनुसंधान अध्ययन विधि शोध क्रिया को सुचारू रूप से परिचालित करने का ढंग होती है। मानव ने समस्या समाधान के लिए अनेक विधियों का प्रयोग किया है जिसका प्रयोग समस्या की प्रकृति के आधार पर किया जाता है।

प्रस्तुत लघुशोध का उद्देश्य " श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान" का अध्ययन करना है।प्रस्तावित शोध में शोध की प्रकृति को देखते हुए शोधकर्ता ने अपने शोध कार्य हेतु विवरणात्मक/वर्णनात्मक अनुसंधान विधि के अंतर्गत इकाई अध्ययन(case Study) विधि का चयन किया है। इकाई अध्ययन को वैयक्तिक अध्ययन,एक वृत्त अध्ययन, एकल/एकक अध्ययन आदि नामों से भी जाना जाता है।

इकाई अध्ययन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें एक समय में केवल एक इकाई का अत्यंत गहराई से अध्ययन किया जाता है । वह इकाई एक व्यक्ति भी हो सकता है और एक समूची संस्था अथवा कोई नीति, प्रक्रिया, प्रथा आदि भी हो सकती है । इसी प्रकार एक परिवार एक जन-समूह, एक जाति विशेष, धर्म आदि का व्यापक रूप से किया गया अध्ययन भी एकक अध्ययन के अंतर्गत आता है। इन अध्ययनों का उद्देश्य उस इकाई का प्रत्येक दृष्टिकोण से गहन अध्ययन करके इस बात पर प्रकाश डालना होता है कि वास्तव में समस्या क्या है?, वह किस प्रकार उत्पन्न हुई है?, उसे जन्म देने वाले कारक तत्व एवं प्रक्रियाएं क्या हैं? तथा वे किस प्रकार गतिशील रहीं है? लक्ष्यानुसार अनुसंधानकर्ता उस इकाई के विभिन्न पक्षों से संबंधित तथा विभिन्न स्रोतों से सूचना सामग्री एकत्र करता है। उस सूचना सामग्री का उपयुक्त विधि से विश्लेषण करके लक्ष्यानुसार निष्कर्षों का निर्धारण करता है।

इकाई अध्ययन विधि के अंतर्गत किसी एक सामाजिक इकाई से संबंधित सभी पक्षों का व्यापक, सूक्ष्म तथा गहन अध्ययन किया जाता है।

1.8 अध्ययन का महत्व एवं सार्थकता

भारत अपनी कला, संस्कृति, दर्शन, शिक्षा आदि की गौरवशाली परंपराओं पर सदैव गर्व करता रहा है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत विश्व में सर्वोत्कृष्ट है। इस सांस्कृतिक विरासत का निर्माण, संरक्षण व प्रसारण महान भारतीय शिक्षा परंपरा ने किया है, क्योंकि शिक्षा मनुष्य का तथा समाज का निर्माण करती है। प्राचीन भारतीय शिक्षा, शिक्षक व शिक्षण-केन्द्र सम्पूर्ण समाज के लिए एक प्रकाश स्तंभ की भाँति थे जिसके प्रकाश में सद्गुणों को अपनाकर व्यक्ति ने अपना व समाज का कल्याण किया तथा प्राचीन भारत का स्थान सम्पूर्ण विश्व में सर्वश्रेष्ठ बन सका। सम्पूर्ण विश्व के लोग शिक्षा के लिए भारत की ओर देखते थे। किसी भी देश की उत्तम शिक्षा-व्यवस्था उस देश को सामाजिक व आर्थिक रूप से समृद्ध बनाती है। यही कारण रहा कि भारत इतना समृद्धशाली बन गया कि पश्चिम के आक्रान्ताओं ने अपनी कुदृष्टि इस देश पर डाली। उनके आक्रमणों से भारत की आर्थिक सम्पन्नता को तो नुकसान हुआ ही, शिक्षा-व्यवस्था पूर्ण रूप से जर्जर हो गई। परिणामस्वरूप, भारतीय शिक्षा से उदासीन होते चले गए। सम्पूर्ण विश्व को 'शून्य' और 'दशमलव' का ज्ञान देने वाले भारत के नागरिकों का शिक्षा-स्तर शून्य तक पहुँच गया। विदेशी आक्रमणकारियों और शासकों ने स्वहित में भारत में ऐसी शिक्षा प्रणाली लागू की जो गुलाम भारतीय नागरिक का निर्माण करती थी; जिससे उनके शासन-व्यवस्था को कोई डर न रहे। कई दशकों तक ऐसी ही स्थिति बनी रही। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत तक इतिहास ने एक बार फिर करवट ली और सोये हुए भारत के सिंह-सपूतों में सांस्कृतिक और राजनैतिक पुनरुत्थान करने के लिए कुछ महान महापुरुषों ने भारत-भूमि पर जन्म लिया है। राजा राम मोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, तिलक, गोखले, गांधी जी, रवींद्रनाथ टैगोर, मालवीय आदि ऐसी महान विभूतियां थीं जिन्होंने नव भारत का निर्माण किया। नव भारत का निर्माण कई स्तरों पर किया गया। आध्यात्मिक पुनरूत्थान का कार्य एक स्तर था, तो राजनैतिक जागृति दूसरा स्तर था। अन्य स्तर साहित्यिक विकास और सामाजिक विकास के थे। समाज-सेवा, सहयोग और सहकारिता का भाव नहीं पैदा कर सकती। अतः आवश्यकता इस बात की है कि राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों में समय और आवश्यकताओं के अनुरूप नए सिरे से शिक्षा का सृजन किया जाए। देश में उपरोक्त गुणों का विकास करने के लिए महाराज रणछोड़ दास जी ने तत्कालिक परिस्थितियों से व्यवस्थित होकर एक ऐसी शिक्षा-प्रणाली को विकसित करने का प्रयास किया है जो मनुष्य को प्रकृति से

प्रेम एवं मानव से समाज के प्रेम का पाठ पढ़ा सके। निश्चित ही देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखने एवं उसे प्रगति के पथ पर बढ़ाने में आज भी गुरुदेव रणछोड़ दास जी महाराज के विचार समीचीन हैं।

श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एक मानवीय संगठन है, जिसकी स्थापना 1968 में मानवता की निस्वार्थ सेवा के आधार पर की गई थी। परम पूज्य रणछोड़ दास जी महाराज ने जरूरतमंदों और वंचितों की पीड़ा को कम करने के उद्देस्य से ट्रस्ट की स्थापना की थी।

उनके सिद्धांत और विचारधारा ट्रस्ट और हमारी विविध गतिविधियों के लिए मार्गदर्शक शक्ति बनी हुई है। ट्रस्ट को औपचारिक रूप से 1968 में भारत के मध्य प्रदेश राज्य के धार, इंदौर में सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया था। ट्रस्ट के नाम में गुरुदेव द्वारा सिखाए गए 'सेवा' (निस्वार्थ सेवा) के मूल सिद्धांत और धार्मिकता के आदर्श को समाहित किया गया है।

अतः प्रस्तुत अध्ययन के माध्यम से गुरुदेव जी के शैक्षिक विचार, शैक्षिक प्रयास, सामाजिक क्रियाकलाप व श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के बारे में गहन अध्ययन कर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनसामान्य को सामाजिक, सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों की प्रेरणा से ओत-प्रोत किया जा सकता है जो राष्ट्रीय शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगी।

द्वितीय अध्याय
संबंधित साहित्य का सर्वेक्षण

2.1 प्रस्तावना

अनुसंधान की प्रक्रिया में संबंधित साहित्य का अध्ययन करना इस उपक्रम का वैज्ञानिक तथा महत्त्वपूर्ण चरण है, क्योंकि व्यक्ति अपने अतीत से संचित एवं आलेखित ज्ञान के आधार पर नवीन ज्ञान का सृजन करता है। केवल मानव ही ऐसा प्राणी है, जो सदियों से एकत्र ज्ञान का लाभ उठा सकता है। मानव-सृजित ज्ञान के तीन पथ होते हैं–ज्ञान को एकत्रित करना, दूसरी पीढ़ी को ज्ञान का स्थानांतरण और ज्ञान में वृद्धि करना। किसी भी शोध में ये तथ्य विशेष महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि वास्तविकता के समीप आने में उपलब्ध ज्ञान सक्रिय भूमिका निभाता है। व्यावहारिक आधार पर संपूर्ण मानव ज्ञान पुस्तकों तथा पत्र-पत्रिकाओं में संचित रहता है। मानव की प्रत्येक पीढ़ी उस संचित ज्ञान को प्राप्त कर चिंतन, परिष्करण अथवा पूर्ण व आशिंक परिवर्तन करके निरंतर विकसित करने का प्रयास करती है। किसी भी शोधकार्य की सफलता के लिए आवश्यक है कि शोधकर्ता पुस्तकालय का उपयोग करें। अपनी समस्या से संबंधित यथासंभव उपलब्ध पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं व गतवर्षों में एकत्रित किये गए अनुसंधानों के संतोषप्रद विवरणों से अपने को पूरी तरह से परिचित करने से यह ज्ञात होता है कि समस्या से संबंधित किस पथ पर या किस पक्ष पर कार्य हो चुका है, उसमें शोध की कौन-सी प्रविधि प्रयुक्त की गई है और समस्या का कौन-सा पक्ष ऐसा है, जिस पर अध्ययन नहीं किया गया है। व्यावहारिक आधार पर मानव उपलब्ध ज्ञान को प्राप्त करके चिंतन-मनन, शोधन और परिवर्तन करके निरंतर विकास की ओर अग्रसर होने का प्रयास करता रहता है। ज्ञानार्जन के तीनों पहलुओं–ज्ञान संचयन, समानुपातिक प्रेषण-संप्रेषण, ज्ञानवर्धन द्वारा किसी भी विषय के विकास में विशेष स्थान के लिए शोधकर्ता को पूर्ण सिद्धांतों से भली-भाँति अवगत होना चाहिए। संबंधित साहित्य के सर्वेक्षण द्वारा शोधकर्ता यह निश्चित कर सकता है कि उसके द्वारा प्रस्तावित शोध से संबंधित विषयों पर विचारणीय कार्य पहले हो चुका है अथवा नहीं। "डॉ. सी.वी. रमन के नियमानुसार कोई भी शोध का संबंधित लिखित विवरण तब तक उपयुक्त नहीं समझा जा सकता है, जब तक कि उस शोध से संबंधित साहित्य का आधार उस विवरण में न हो।" अनुसंधान चाहे किसी भी क्षेत्र का हो, उसका लक्ष्य संबंधित क्षेत्र में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करना होता है कि मानव की इसी प्रकृति के फलस्वरूप ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित हुई है तथा सदियों से उसका एक क्रम निरंतर चला आ रहा है। ज्ञान की यह प्रक्रिया

अनंत है। जब तक मानव जीवन है, उसकी यह ज्ञान-तृष्णा कभी भी समाप्त नहीं होती है। क्या हो? कैसा हो? या कैसा होना चाहिए? इन प्रश्नों से अनभिज्ञ मानव जीवन सदैव जिज्ञासा में रहता है। उसकी इस जिज्ञासु प्रवृति ने सदैव ही कल के ज्ञान को नवीन रूप प्रदान किया है।

2.2 शैक्षिक योगदान से संबंधित कतिपय शोध अध्ययन

शोधार्थी द्वारा शैक्षिक योगदान से संबंधित पूर्ववर्ती शोध कार्यों का अध्ययन किया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–


1. शादाब आबी, (2009) ने "डॉ. जाकिर हुसैन एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन" किया और यह पाया कि–



चित्र 2.2.1 **शोध शादाब जी के द्वारा**

- दोनों के विचारों में पारंपारिकता एवं आधुनिकता का सम्मिश्रण दिखाई पड़ता है।
- जाकिर साहब व कलाम साहब दोनों के अनुसार शिक्षा बच्चों के सर्वोत्तम का सर्वांगीण विकास है, दोनों विचारकों के इस प्रयत्न को भी शिक्षा शास्त्री स्वीकार करते हैं।
- अनुशासन के संबंध में भी दोनों के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। आंतरिक, रचनात्मक एवं प्रभावात्मक अनुशासन की चर्चा दोनों विचारक करते हैं, शारीरिक दंड को बिलकुल समाप्त करने के पक्ष में है। वर्तमान समय में भी आंतरिक, रचनात्मक एवं प्रभावात्मक अनुशासन के पक्ष की बातें प्रासंगिक हैं।
- पाठ्यक्रम में इन दोनों विचारको ने सहसंबंध, समन्वय, समाकलन एवं क्रिया पर बल दिया है।

2. सिंह, किरन (2008) ने "रवींद्रनाथ टैगोर का शिक्षा दर्शन एवं भारतीय शिक्षा में उसकी प्रासंगिकता" का अध्ययन किया और यह पाया कि–


VBSP-03970-T05637

रवीन्द्र नाथ टैगोर का शिक्षा दर्शन एवं
भारतीय शिक्षा में उसकी प्रांसगिकता

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की शिक्षा में डाक्टर आफ फिलासफी की उपाधि हेतु प्रस्तुत
शोध–प्रबन्ध

2008


निर्देशक
डा0 मयानन्द उपाध्याय
विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र
राजा श्री कृष्णदत्त स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

शोधकर्ती
कु0 किरन सिंह
एम0ए0, बी0एड0

शोध–केन्द्र
शिक्षा संकाय
राजा श्री कृष्णदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)
नामांकन संख्या–PU 2004/218

- रवींद्रनाथ टैगोर ने शिक्षा को व्यापक रूप में लिया है। उनका मत है कि शिक्षा व्यक्ति के शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक विकास में सहायक होती है।
- टैगोर भी अपने स्कूल की स्थापना नगर के कोलाहल से दूर शांत वातावरण एवं प्रकृति की सुरम्य गोद में करना चाहते थे। जहाँ छात्र और अध्यापक शिक्षा की साधना में लग सके।
- टैगोर चाहते थे कि ईश्वर मानवीय गुणों का प्रतीक हो और अंतिम सत्य को मानवता की कसौटी पर कसा जाए। मानव की वास्तविकता ही मानवता है।
- बच्चों के अंदर विश्वबंधुत्व की भावना भूमंडलीकरण की बात बनती जा रही है, संचार के माध्यम बढ़ते जा रहे हैं। बच्चों में देश-विदेश के प्रति प्रेम को भी बढ़ावा मिले।

3. सिंह, अनंत बहादुर (2008) ने "मूल्य शिक्षा के विशेष संदर्भ में रवीन्द्र नाथ टैगोर तथा महात्मा गाँधी के शैक्षिक विचारों का एक तुलनात्मक अध्ययन" किया और यह पाया कि–


मूल्य-शिक्षा के विशेष संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर तथा
महात्मा गाँधी के शैक्षिक विचारों का एक तुलनात्मक अध्ययन

A Comparative Study of Educational Thoughts of Ravindranath Tagore and Mahatma Gandhi with Special Reference to Value Education

4121

'शिक्षा शास्त्र' विषय में डॉक्टर आफ फिलासफी की उपाधि हेतु
डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद
में प्रस्तुत शोध प्रबन्ध।

शिक्षा-शास्त्र

सत्र – 2008

चित्र 2.2.3 **शोध अनंत सिंह के द्वारा**

- रवींद्रनाथ टैगोर हमारे देश के न केवल एक उच्चकोटि के कवि, गायक, संगीतज्ञ, नाटककार, कथाकार, निबंधकार, शिक्षाशास्त्री, दार्शनिक, मानवतावादी तथा राष्ट्रवादी थे, वरन वे एक कट्टर अंतरराष्ट्रीयतावादी थे। वे सच्चे अर्थ में एक विश्व नागरिक थे, जिनकी राष्ट्रीयता उनकी विशाल अंतरराष्ट्रीयता के अनुरूप थी।
- इनके संबंध में लिखते हुये आर. श्रीनिवास आयंगर लिखते हैं कि टैगोर संसार के महानतम शिक्षाशास्त्रियों में अद्वितीय स्थान रखते हैं, क्योंकि उन्होंने एक शिक्षादर्शन का विचार किया या निकाला और अपने दर्शन को कार्यक्षेत्र में अनूदित करने में उच्च मात्रा की सफलता प्राप्त की।

- रवींद्रनाथ टैगोर के संबंध में डॉ. सुरेंद्रनाथ दास गुप्त ने लिखा है कि उनकी प्रतिभासंपन्नता अद्वितीय और अतुलनीय थी और अन्यत्र कहीं भी यह प्रतिभा अथक परिश्रम से संबंधित नहीं पाई जाती है जैसा कि उनके बारे में एक कथन है कि उनका व्यक्तित्व हमारे सामने एक ऐसा चित्र उपस्थित करता है, जो मानव इतिहास में अद्वितीय है। मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने कहा था कि यह गुरुदेव की उपलब्धि है, जिससे कि उन्होंने इस रिक्त स्थान को अपने निजी प्रयत्नों से भर दिया, यह संकेत शांति निकेतन की ओर है। प्रो. हुमायूँ कबीर का कथन है कि टैगोर ने परंपरा को बिना तोड़े हुए शिक्षा के विचारों में क्रांति ला दी है, इससे स्पष्ट है कि टैगोर ने भारतीय शिक्षा में क्या प्रगति और परिवर्तन किया है।

4. वर्मा, रामनिवास (2005) ने "भारतीय जीवन मूल्य आधारित शिक्षा व्यवस्था के संदर्भ में स्वामी शिवानंद जी के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता" शीर्षक पर शोध कार्य किया। इन्होंने अपने अध्ययन में पाया कि–


भारतीय जीवन मूल्य आधारित शिक्षा व्यवस्था के सन्दर्भ में स्वामी शिवानन्द जी के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता

डॉ० भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय
आगरा की
शिक्षाशास्त्र विषय में पी-एच०डी०
की उपाधि हेतु प्रस्तुत
शोध-प्रबन्ध
2005

निर्देशक
डॉ० पी० पी० सिंह

शोधार्थी:
रामनिवास वर्मा


शिक्षा-संकाय
राजा बलवन्त सिंह कालेज,
आगरा

चित्र 2.2.4 **शोध रामनिवास वर्मा के द्वारा**

- भारतीय संस्कृति मूलतः एक जीवन मूल्य आधारित जीवन पद्धति है, जो अनिवार्य रूप से भारतीय लोकमानस को मूल्य निकायों की ओर निर्देशित करती है। ये मूल्य निकाय भारतीय जनजीवन पद्धति के प्रेरणा स्रोत हैं तथा सदैव से उसे उत्कृष्ट उपलब्धियों को प्राप्त कर अद्वितीय मानव व्यवस्था के निर्माण की दिशा में अग्रसर करते रहे हैं। भारतीय संस्कृति अपने सरलतम अर्थ में भी लोकजीवन में जीवनमूल्यों के अनुप्रयोग व विनियोग का ऐसा अनन्य उदाहरण प्रस्तुत करती है, जो भारतीय जनजीवन को गति प्रदान करता है तथा मानव के सृजनात्मक घटकों को प्रेरित-विकसितकर निरंतर नए भारतीय जीवनमूल्यों के निर्माण का कार्य करता है।
- सांस्कृतिक मूल्यों की दृष्टि से भारतीय जीवनमूल्यों को विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों से प्रादुर्भूत हुआ माना जा सकता है। ये विशेषज्ञता के क्षेत्र भारतीय जीवनमूल्यों को तर्काधार प्रदान करते हैं।

5. सिंह, रेनू (2008) ने "भारत में छत्रपति शाहू जी महाराज का शैक्षिक योगदान विशेष रूप से दलितों के शैक्षिक उत्थान में" शीर्षक पर शोध अध्ययन किया और यह पाया कि–

- आधुनिककाल में प्रगतिशील कही जाने वाली शिक्षा के अनेक गुण शाहू जी के शैक्षिक विचारों में विद्यमान हैं। स्वतंत्रता, क्रियाशीलता, अनुभूति, एकाग्रता, चिंतन, समाजीकरण, सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व, आदर, सर्वांगीण विकास, शिक्षक का सम्मानीय स्थान आदि सभी तत्त्व इसमें हैं, जो शिक्षा के लिए प्रासंगिक, उपयोगी एवं सार्थक हैं व इन्हें उच्चतम शिक्षाशास्त्री के रूप में अधिष्ठित करते हैं।


"भारत में छत्रपति शाहू जी महाराज का शैक्षिक योगदान विशेष रूप से दलितों के शैक्षिक उत्थान में"

"EDUCATIONAL CONTRIBUTION OF CHHATARAPATI SHAHU JI MAHARAJ IN INDIA WITH SPECIAL REFERENCE TO THE EDUCATIONAL UPLIFTMENT OF DALITS"

पी-एच.डी. (शिक्षा) हेतु
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
में प्रस्तुत

शोध-प्रबन्ध

वर्ष — 2008

शोध पर्यवेक्षक
डॉ० जे०एल०वर्मा
रीडर, शिक्षक प्रशिक्षण विभाग
(बुन्देलखण्ड कॉलेज), झाँसी
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

शोध प्रस्तुतकर्ती
रेनू सिंह
एम.ए. (भूगोल)
एम.एड.

चित्र 2.2.5 **शोध रेनू सिंह के द्वारा**

- इस महान शिक्षा दार्शनिक द्वारा निश्चित शिक्षा के सिद्धांत हमारे देश और इस काल के लिए ही नहीं, अपितु हर क्षेत्र के लिए और हर काल में सही उतरने वाले हैं, उन्हें सार्वभौमिक और सार्वजनिक सिद्धांत कहा जा सकता है।
- इनके शैक्षिक विचारों को आधुनिक शिक्षा में अपनाकर भारत की उद्देश्यविहीन शिक्षा पद्धति का मार्गदर्शन किया जा सकता है।

6. सिंह, नीलम, (1999) ने "भारतवर्ष में मिशनरी शिक्षा : योगदान तथा वर्तमान समय में उपादेयता" शीर्षक पर शोध का अध्ययन किया और यह पाया कि–

- मिशनरियों का शैक्षिक योगदान भारतीय इतिहास में सदैव चिरस्मरणीय रहेगा। यद्यपि मिशनरियों ने विशुद्ध परोपकारिता की भावना से स्कूल संचालित नहीं किए थे, बल्कि इनका मुख्य उद्देश्य ईसाई धर्म का प्रचार करना था। फिर भी इन लोगों ने स्कूल की कार्यप्रणाली तथा संगठन में कुछ ऐसे महत्त्वपूर्ण सुधार किए, जिसके कारण स्कूल के स्वरूप तथा संरचना के विषय में हमारी धारणाएँ हमारी पारेपरिक अवधारणा से हटकर तथाकथित आधुनिक (भौतिकतावादी) हो गई।


भारत वर्ष में मिशनरी शिक्षा : योगदान
तथा
वर्तमान समय में उपादेयता

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के अन्तर्गत
पी-एच० डी० उपाधि हेतु प्रस्तुत
शोध - प्रबन्ध

निर्देशिका :
डा० मृदुला भदौरिया
रीडर, शिक्षा विभाग
छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर
विश्वविद्यालय, कानपुर

शोधकर्त्री :
नीलम सिंह


१९९९

चित्र 2.2.6 **शोध नीलम सिंह के द्वारा**

- सर्वप्रथम मिशनरियों ने हम लोगों को स्कूल की नवीन अवधारणा प्रदान की। इसके पहले स्कूल क्या है? और स्कूल किसे कहते है? इस संबंध में हमारे विचार अपने ढंग के थे। मिशनरियों के आगमन से पूर्व देशी पाठशालाओं की स्थिति अत्यंत सोचनीय हो गई थी, ये पाठशालाएँ अधिकांशतः टूटे-फूटे मकानों, गोशालाओं, अस्तबलों या किसी ताल्लुकेदार के मकान एक हिस्से में लगा करती थीं। इस प्रकार स्कूल क्या है? तथा स्कूल में क्या कार्य होगा? जनसाधारण के समझ में नहीं आता था। मिशनरियों ने सबसे पहले विद्यालय को सार्वजनिक शिक्षा का केंद्र माना और भारत में साविधिक शिक्षा की नींव डाली। इस प्रकार मिशनरियों के द्वारा स्कूल के लिए किए गए साविधिक कार्यक्रम को देखकर वर्तमान समय में भारतीयों ने उनकी शिक्षाप्रणाली से सीखकर साविधिक शिक्षा के कार्यक्रम को अपनाया।
- मिशनरियों के आगमन के पूर्व भारत में देशी शिक्षा प्रचलित थी। विदेशी आक्रांताओं की नीतियों के चलते देशी शिक्षा के पाठ्यक्रम अत्यंत संकुचित तथा अपर्याप्त हो गए थे। देश की निर्धनता देशी शिक्षा की अवनति का प्रधान कारण थी। देश की अधिकांश जनता निर्धन होने के कारण अपने बच्चों को नाम मात्र तक की फीस तक नहीं दे पाते थे। देशी शिक्षा के पतन के बाद यूरोपीय जातियों ने प्रविष्ट किया और इसके साथ ही वहाँ की यूरोपीय मिशनरियाँ भी आईं, जिन्होंने धर्मप्रचार के लिए शिक्षा को अपना माध्यम चुना और अनेक प्राथमिक विद्यालय खोले। प्राथमिक शिक्षा के प्रारंभिक प्रयास निशनरियों द्वारा किए गए। इनका उद्देश्य अपनी बस्ती के बालकों की शिक्षा का प्रबंध करना था तथा शिक्षा द्वारा ईसाई धर्म का प्रचार करना था।

7. **तिवारी, बाबूलाल (1996-97)** ने "वर्तमान भारतीय राष्ट्रीय परिवेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय के शैक्षिक विचारों का आलोचनात्मक अध्ययन" किया और यह पाया कि–

- पं. दीनदयाल जी एक संत राजनेता थे। शिक्षा, संस्कार एवं धर्म उनकी प्रमुख अभिधारणाएँ हैं। वे लोकतंत्र के लिए लोकमत परिष्कार को आवश्यक मानने वाले, अर्थशास्त्र नियंत्रित उद्योग के विरोधी एवं धर्म नियंत्रित अर्थ के पक्षधर थे। समाज को नियंत्रित करने वाली शक्ति राजनीति में नहीं होती वरन् संस्कृति में होती है, उनका ऐसा मंतव्य था, इसीलिए


वर्तमान भारतीय राष्ट्रीय परिवेश में
पं० दीनदयाल उपाध्याय के शैक्षिक विचारों का
आलोचनात्मक अध्ययन

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
की पी.एच.डी. "शिक्षा शास्त्र" उपाधि हेतु
"प्रस्तुत शोध प्रबन्ध"

1996 - 97

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

चित्र 2.2.7 **शोध बाबूलाल तिवारी के द्वारा**

'संस्कृति ' उनका प्रिय विषय बनी । अतः ये नेता कम सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यकर्ता ज्यादा थे। उनका ध्यान राजनीति की अपेक्षा सांगठनिक शक्ति को बढ़ाने व वैचारिक चिंतन पर अधिक था।

- दीनदयाल उपाध्याय पश्चिम की सभी विचारधाराओं को अपूर्ण एकांगी एवं प्रतिक्रियावादी मानते थे। पश्चिम द्वारा मानव को रोटी कपड़ा और मकान की आवश्यकताओं वाला प्राणी निरूपित किए जाने को असंगत तथा राजनैतिक प्राणी, सामाजिक प्राणी या आर्थिक प्राणी की संज्ञा को एकांगी मानते थे। उन्होंने माना है कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष ही मानव की व्यष्टि व समष्टिगत आवश्यकता हैं। इन चारों पुरुषार्थों के अनुसार ही हमारी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक विचारधाराओं को विकसित किया जाना चाहिए। उनके इसी चिंतन से ही उनका 'एकात्म मानववाद' प्रकट हुआ।

8. शर्मा डॉ. शशिकांत (2007) ने "गिजू भाई बधेका का शैक्षिक चिंतन एवं आधुनिक भारतीय बाल-शिक्षा परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता" का अध्ययन किया और यह पाया कि–

- गिजू भाई शिक्षा द्वारा स्वतंत्रता, निर्भयता, स्वावलंबन, सत्य, प्रेम, अहिंसा, त्याग, मैत्रीभाव, दया, अपरिग्रह, सहिष्णुता, सेवाभाव, सामाजिक संवेदनशीलता, स्वच्छता, सदाचरण, सादगी व सरलता, सत्-असत् विवेक, वैज्ञानिक अभिवृत्ति जैसे मूल्यों का विकास करने पर बल देते हैं। उन्होंने आत्म-साक्षात्कार, सौंदर्य, प्रेम, स्वाधीनता, नियमन व स्वतंत्रता जैसे मूल्यों को अत्यंत मौलिक रूप से परिभाषित किया है।


गिजू भाई बधेका का शैक्षिक चिन्तन एवं आधुनिक
भारतीय बाल-शिक्षा परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, से
शिक्षा शास्त्र में
पी-एच0 डी0 उपाधि हेतु प्रस्तुत
शोध - प्रबन्ध

2007

सह - निर्देशक :
डा. दिनेश कुमार शर्मा

निर्देशक :
डा0 शशिकान्त शर्मा

शिक्षा संस्थान:-
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

चित्र 2.2.8 **शोध शशिकांत शर्मा के द्वारा**

- गिजू भाई कहते हैं कि मनुष्य शरीर की शक्ति बढ़ा सकता है, बुद्धि का वैभव प्राप्त कर सकता है, परंतु अगर मनुष्य आत्मा की शुद्धि प्राप्त करने में पूरी जिंदगी व्यतीत कर दे, तब भी सफलता दूर ही रहेगी। यह विकास इतना कठिन, इतना सूक्ष्म है कि मात्र कथा-कहानी सुनाकर या उपदेश

देकर नहीं किया जा सकता है। वे कहते हैं कि सत्य का पाठ पढ़ाकर बालक से सत्य की अपेक्षा रखने वाला व्यक्ति या तो मूर्ख होता है, अज्ञानी होता है या ढोंगी। इस प्रकार गिजू भाई उपदेशात्मक रूप से नीति शिक्षण की व्यर्थता सिद्ध करते हैं। वे कहते हैं कि नीति शिक्षण का राग अलापने वालों की नसों में अनीति के भयंकरतम कीटाणु घुस गए लगते हैं। चूँकि वे अपने अंदर की अनीति से भय खाते हैं, उससे लड़ने में सक्षम नहीं है, अतः उसे दुनिया से हटाने के लिए लड़ रहे हैं। वे कहते हैं कि नीति शिक्षण की क्रिया मनुष्य की आत्मा को स्वतंत्रता से भ्रष्ट करती है। मनुष्य स्वयं अनीति पर चलता है, पर चाहता है कि बालक नीतिवान बने, जो कदापि संभव नहीं है।

- गिजू भाई बालक को प्रकृति की शिक्षा दिए जाने का प्रबल समर्थन करते हैं। उनका कहना था कि अपने बालक को प्रकृति से दूर रखकर क्या हम उसको देव बनाएँगे अथवा दानव? प्रकृति द्वारा दिया गया शिक्षण ही गिजू भाई की दृष्टि में उत्तम सामाजिक शिक्षण है। इस शिक्षण से उसका नैतिक विकास सहज स्वाभाविक बनता है और वह धार्मिक विकास के सुदृढ़ आधार के रूप में चिरस्थायी रहता है। प्रकृति शिक्षण में स्व-शिक्षण का मूल भी निहित है। गिजू भाई कहते हैं कि प्रकृति की शिक्षा धैर्य एवं विश्वास की पोषक होती है। प्रकृति ही मनुष्य की आत्मा एवं देह की प्रथम धाय है। अतः उसे चाहिए कि वह बाल्यावस्था से ही प्रकृति के अवदान से अपने प्राणों को भर ले, अपने आत्मिक विकास के तत्त्व उसे प्रकृति से ही ग्रहण कर लेने चाहिए।

9. तिवारी, सुधा (2009) ने “लोकतांत्रिक भारत की शिक्षा में महात्मा गाँधी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के शैक्षिक योगदान का तुलनात्मक अध्ययन” किया और यह पाया कि–


‘‘लोकतांत्रिक भारत की शिक्षा में महात्मा गाँधी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय जी के शैक्षिक योगदान का तुलनात्मक अध्ययन’’

"A Comperative Study of Educational Contribution of Mahatma Gandhi and Pt. Deen Dayal Upadhayay in the Democratic Education of India"

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के
‘शिक्षाशास्त्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की
उपाधि हेतु
प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध

ESTD. AUGUST 26, 1975

निर्देशक
डा० जे०एल० वर्मा
बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी

शोधकर्त्री
सुधा तिवारी
(एम०ए०,एम० एड०)
अध्यापिका

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी
2003–2004

चित्र 2.2.9 **शोध सुधा तिवारी के द्वारा**


- सदियों से पराधीनता के कारण अपनी गरिमामयी संस्कृति से अनभिज्ञ भारतीय जनता को पुनः चेतन तथा सचेष्ट करने के लिए भारतीय विचारकों के विचारों को अपनी परिस्थिति के अनुसार कार्य करना पड़ा, न कि वे इसके स्थान पर पश्चिमी विचारकों से विचार सहमति या असहमति प्रगट करने का कार्य करते। अतः इतना कहना ही पर्याप्त है, कि अपने

क्षेत्र और अपने कार्य के अनुरूप उन्होंने शिक्षा का स्वरूप निर्धारित किया। भारतीय विचारकों में प्रतियोगिता की भावना नहीं थी, वरन् जीवन के सच्चे मूल्यों की खोज करना, जो कि काल के गर्त में समाधिस्थ कर दिए गए हैं, उनको पुनः जागृत कर स्मरण करना ही उनकी शिक्षा का लक्ष्य था।

- कुछ मानवों को ऐतिहासिक घटनाएँ बनाती है, जब कि कुछ लोग स्वयं इतिहास का निर्माण करते हैं। महात्मा गाँधी स्वयं ऐसे पुरुष थे, जिन्होंने अपने मस्तिष्क, मन व हृदय की विशेषताओं, गुणों तथा महान कार्यों से अपना स्वयं का मार्ग प्रशस्त कर स्वयं एक इतिहास का निर्माण किया था। उन्होंने एक राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रभावी व्यक्तित्व से नवीन भारत का निर्माण किया था और एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विचारक के रूप में संपूर्ण विश्व को प्रभावित किया था।
- महात्मा गाँधी के विचार परिवर्तित होने वाले वैज्ञानिक एवं औद्योगिक युग में पूर्ण संगति रखते हैं। यदि हम उनकी शिक्षाओं और दार्शनिक विचारों को अपनाने में समर्थ हो सकें, तो रामराज्य एवं नए स्वर्ण युग का निर्माण कर सकते हैं।

10. मिश्रा, शशि (2002) ने "समाजवादी चिंतकों के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन" किया और यह पाया कि–

- भारतीय दृष्टि में दर्शन और जीवन इतने संपृक्त रहे हैं कि इनमें अंतर नहीं देखा गया। प्राचीनकाल में संपूर्ण जीवन की व्याप्ति दर्शन का क्षेत्र थी। महर्षिगण तपस्या करके सत्य का दर्शन करते थे तथा जीवन में उतारते थे एवं अपने व्यवहारपरक अनुभव की शिक्षा दूसरों को प्रदान करते थे। भारतीय दार्शनिकों के सामने दुःखों के आत्यांतिक नाश तथा पूर्ण आनंद अथवा मोक्ष की प्राप्ति का लक्ष्य था। उन्होंने अपने-अपने दृष्टिकोण से उसकी प्राप्ति के मार्ग का शोधन किया था, अतः उनमें बीच की कुछ बातों में भिन्नता होने पर भी कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर साम्य


"समाजवादी चिन्तकों के शैक्षिक विचारों"
का तुलनात्मक अध्ययन

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी
की
शिक्षा विषय में
डाक्टर आफ फिलासफी हेतु
प्रस्तुत

शोध-प्रबन्ध

चित्र 2.2.10 **शोध शशि मिश्रा के द्वारा**

है। सर्वश्री सतीशचंद्र चट्टोपाध्याय एवं वीरेंद्रमोहन दत्त ने नैतिक व आध्यात्मिक बिंदुओं में समानता निरूपित की है।

- भारत के सभी दर्शनों का उद्देश्य पुरुषार्थ साधना रहा है।
- दर्शन की उत्पत्ति आध्यात्मिक असंतोष से होती है, परंतु आध्यात्मिक मनोवृत्ति के कारण उसमें आशा का संचार होता रहता है।

2.3 समीक्षात्मक निष्कर्ष

शोधकर्ता ने पाया कि पूर्ववर्ती शोधों में डॉ. जाकिर हुसेन एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन, रवींद्रनाथ टैगोर के शैक्षिक योगदान का वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता का एक अध्ययन, मूल्य शिक्षा के विशेष संदर्भ में रवींद्रनाथ टैगोर तथा महात्मा गाँधी के शैक्षिक विचारों का एक तुलनात्मक अध्ययन, भारतीय जीवन मूल्य आधारित शिक्षा व्यवस्था के संदर्भ में स्वामी शिवानंद जी के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता, भारत में छत्रपति शाहू जी महाराज का शैक्षिक योगदान, विशेष रूप से दलितों के शैक्षिक उत्थान में अध्ययन, भारतवर्ष में मिशनरी शिक्षा : योगदान तथा वर्तमान समय में उपादेयता, वर्तमान भारतीय राष्ट्रीय परिवेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय के शैक्षिक विचारों का आलोचनात्मक अध्ययन, गिजू भाई बधेका का शैक्षिक चिंतन एवं आधुनिक भारतीय बाल शिक्षा परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता का अध्ययन, लोकतांत्रिक भारत की शिक्षा में महात्मा गाँधी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के शैक्षिक योगदान का तुलनात्मक अध्ययन तथा समाजवादी चिंतकों के शैक्षिक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। ध्यातव्य है कि **"श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का शैक्षिक योगदान"** पर अभी तक कोई शोध कार्य नहीं किया गया है। अतः शोधार्थी द्वारा इस विषय पर लघुशोध कार्य करने का निश्चय किया गया है।

तृतीय-अध्याय

गुरूदेव रणछोड़ दास जी महाराज का जीवन परिचय

3.1 भूमिका

श्री रणछोड़दास जी महाराज एक महान मानवीय संत थे, जिनका नाम मुख्य रूप से उनके निकट शिष्यों और उन भाग्यशाली लोगों तक ही सीमित है जो उनके संपर्क में आए थे। तपस्या और सेवा उनके जीवन में पूर्ण सामंजस्य के साथ मौजूद थे। यह अत्यंत सरल और सर्व-प्रिय संत, जिनका शरीर पतला था लेकिन उनमें असीम प्रेम और ऊर्जा थी, ने लंबे समय तक हमारे देश के सबसे गरीब लोगों के लिए अनूठी सेवा की और उनके कष्टों को कम करने का प्रयास किया। उनके पूरी तरह निःस्वार्थ और आत्म-त्यागपूर्ण सेवा के तरीकों ने कई परोपकारी संस्थाओं - अस्पतालों, विद्यालयों, ग्रामीण विकास कार्यों आदि - की स्थापना को प्रेरित किया, जो देश के कई हिस्सों में संचालित हैं। ये संस्थाएँ सैकड़ों हजारों गरीब और सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सेवा कर रही हैं और नेत्र-चिकित्सा, सीमांत किसानों के सशक्तिकरण, नर्सिंग और चिकित्सा शिक्षा, संस्कृत शिक्षा आदि जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय मानक स्थापित किए हैं।

विशेष बात यह है कि इन संस्थाओं ने मुख्य रूप से श्री रणछोड़दास जी महाराज के 1970 में देह त्यागने के बाद आकार लिया और फली-फूलीं। उनके संपर्क में आने वाले लोगों को जो प्रेरणात्मक शक्ति उन्होंने प्रदान की, वह आज भी परिणाम दे रही है और सेवा के कार्यों में लगे लोगों को आधी सदी से अधिक समय के बाद भी प्रेरित कर रही है।

3.2 प्रारंभिक जीवन

ऐसा माना जाता है कि महाराज का जीवन बहुत लंबा था, हालांकि उन्होंने स्वयं इस पर कभी विशेष ध्यान नहीं दिया। उनके बारे में शुरुआती जानकारी लगभग 1900 से मिलती है, जब तक भी, उन्होंने अपने तपस्वी जीवन का एक बड़ा हिस्सा बिताया था। उससे पहले की घटनाओं को उन्होंने कभी-कभी अपने शिष्यों को बताया।

श्री महाराज जी का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के एक गाँव बायफल में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका नाम रामराव रखा गया। बचपन से ही उन्हें श्री रामचंद्र जी के प्रति गहन भक्ति थी और

उस उम्र में भी वे श्री राम के नाम का जप घंटों तक करते थे। उनके पिता स्थानीय पुलिस विभाग में काम करते थे।

भगवान-प्राप्ति की तीव्र इच्छा के कारण, रामराव ने 10 साल की उम्र में अपना घर छोड़ दिया और अयोध्या की यात्रा की - जो श्री राम के संतों और भक्तों की एक लंबी और पवित्र परंपरा से गूंजता हुआ स्थान था। वहाँ उन्हें कुछ नागा साधुओं ने अपनी मंडली में शामिल कर लिया। ये साधु काफी आक्रामक स्वभाव के थे और छोटे बालक से अत्यधिक कार्य कराते थे, लेकिन उसे आध्यात्मिक जीवन में मार्गदर्शन करने में अधिक ध्यान नहीं देते थे, जिसके लिए वह घर से इतनी दूर आया था। फिर भी, बालक ने बिना शिकायत किए सारे काम किए, इसे अपने आत्म-अनुशासन की प्रक्रिया का हिस्सा मानकर सहन किया। सहनशीलता उनके जीवन का एक मुख्य गुण बन गया।

3.3 गुरु से भेंट

लेकिन रामराव की नियति कहीं और थी और उन्हें ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। जल्द ही रामानंद संप्रदाय के एक महान संत, श्री बालकृष्णदास जी, जिन्हें पयाहारी बाबा के नाम से जाना जाता था (क्योंकि वे केवल दूध का सेवन करते थे), आए और नागा साधुओं के बीच उस छोटे बालक को देखकर रामराव को अपने साथ आने का आदेश दिया। रामराव ने इस संत के साथ चलने का निर्णय लिया, जिससे नागा साधु स्तब्ध रह गए और उस महान संत को उस बालक को अपने साथ ले जाते देख आश्चर्यचकित हो गए।

रामानंद संप्रदाय की स्थापना स्वामी रामानंद ने चौदहवीं शताब्दी में की थी और इसकी परंपरा में श्री कबीरदास, गोस्वामी तुलसीदास, श्री रैदास (रविदास के नाम से भी जाने जाते हैं) जैसे महान संत शामिल थे। यह संप्रदाय उत्तरी और मध्य भारत में काफी फैला हुआ है और इसके साधु श्री रामचंद्र को अपना इष्ट मानते हैं। इनका धार्मिक पथ विशिष्टाद्वैत पर आधारित है, जिसे सबसे पहले श्री रामानुजाचार्य ने प्रतिपादित किया था। यह एक वैष्णव संप्रदाय है और रामानंदी साधुओं को वैरागी या विरक्त महात्मा कहा जाता है, जब वे अपने अंतिम त्याग संस्कार जिसे 'विरक्त-दीक्षा' कहते हैं, प्राप्त कर लेते हैं। यह दीक्षा कुछ हद तक 'विरजा होम' संस्कार के समान है, जिसके बाद व्यक्ति को संन्यास के जीवन के लिए दीक्षित किया जाता है, जैसा कि दशनामी परंपरा में श्री शंकराचार्य ने नौवीं शताब्दी में स्थापित किया था।

श्री पयाहारी बाबा ने तपस्या का बहुत लंबा जीवन बिताया था और लंबे समय तक उनका केंद्र जयपुर (तब इसे आमेर कहा जाता था) के निकट गालटा जी में था। उन्होंने युवा रामराव को कश्मीर ले गए,

जहाँ उनका केंद्र था, और उन्हें रामानंदी परंपरा में दीक्षित कर उनका नाम रणछोड़दास रखा। उनके मार्गदर्शन में रणछोड़दास जी ने शास्त्रों का अध्ययन किया और योग, जप और ध्यान का अभ्यास किया। जल्द ही रणछोड़दास जी ध्यान की मुद्रा में लंबे समय तक बैठने में सक्षम हो गए, बिना शरीर की कोई चेतना महसूस किए।

3.4 परिव्राजक

अपने युवा शिष्य को यह विश्वास हो जाने पर कि अब वह व्यापक दुनिया से अनुभव प्राप्त करने के लिए तैयार है, गुरुजी ने उन्हें तिब्बत जाने और उस क्षेत्र के लामाओं से शिक्षा लेने के लिए कहा। हालांकि, गुरुजी ने उन्हें 'सिद्धियों' (विशेष शक्तियों) की ओर आकर्षित होने से बचने की चेतावनी दी और उन्हें एक शुद्ध और भक्तिपूर्ण जीवन में दृढ़ता से स्थापित होने पर एकाग्रचित्त रहने का निर्देश दिया, जिसमें अहंकार और सांसारिक इच्छाओं का आखिरी अंश भी समाप्त हो जाए। तिब्बत से लौटने पर, गुरुजी ने शिष्य को पूरे भारतवर्ष की यात्रा करने और पवित्र तीर्थस्थलों का दौरा करने का निर्देश दिया, इस समय का उपयोग महान तपस्वियों और संतों से मिलने के लिए किया, जो देश के विभिन्न हिस्सों में रहते थे। यह वह समय था जब रेलवे नेटवर्क का विकास नहीं हुआ था, और इसलिए रणछोड़दासजी महाराज हर जगह पैदल यात्रा करते थे।

इस दौरान उन्होंने कई वर्षों तक बंगाल में भी निवास किया और उस समय पड़े अकालों में लोगों की सेवा की, जिनसे उस क्षेत्र के लोग अक्सर प्रभावित होते थे। अकाल के दौरान, एक अवसर पर, महाराज ने लड़कियों और युवतियों की खुलेआम बिक्री का विरोध किया। उन्हें निर्दयता से पीटा गया और वह बेहोश हो गए। कई अवसरों पर, महाराज ने लड़कियों की बिक्री को रोकने और उन्हें उनके परिवारों को वापस दिलाने के लिए धन एकत्र किया।

उस समय की एक दिलचस्प घटना है जो महाराज द्वारा व्यक्त किए गए दृढ़ त्याग को दर्शाती है। बंगाल के बर्धमान (जिसे बर्दवान भी कहा जाता है) के शाही परिवार को महाराज में गहरी रुचि थी और एक बार उन्होंने महाराज को अपने दरबार में आमंत्रित किया और उन्हें एक महंगे चांदी के सिंहासन पर बैठने के लिए कहा। महाराज ने अपने मेजबान की इच्छा का मान रखते हुए संकलित किया। जब वह विदा लेने लगे, तब राजा ने निर्णय किया कि वह चांदी का सिंहासन महाराज को उपहार स्वरूप देंगे और उसे ले जाने के लिए एक गाड़ी की व्यवस्था की। इस पर महाराज ने दृढ़ता से उपहार को अस्वीकार कर दिया,

क्योंकि यह उनके तपस्वी जीवन के अनुरूप नहीं था। राजा, जो इस तरह की प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं कर रहे थे और थोड़ा अपमानित महसूस कर रहे थे, ने टिप्पणी की, "महाराज जी, आपको शायद ही कोई ऐसा मिलेगा जो इस तरह का उपहार देगा।" इस पर महाराज ने तुरंत उत्तर दिया, "आप सही हो सकते हैं, महाराजाधिराज। लेकिन आपको भी शायद ही कोई ऐसा मिलेगा जो इस उपहार को एक तुच्छ वस्तु के रूप में छोड़ देगा।"

3.5 चित्रकूट क्षेत्र में

उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम भाग में किसी समय, हालांकि सही वर्ष के बारे में कोई निश्चितता नहीं है, महाराज चित्रकूट क्षेत्र में आ गए। यह क्षेत्र, जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के एक-एक जिले में फैला हुआ है (प्रयागराज से लगभग 150 किमी पश्चिम में), श्री रामचंद्र जी के भक्तों के लिए बहुत विशेष है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि भगवान ने इस क्षेत्र में कई वर्षों - कुछ के अनुसार लगभग ग्यारह या बारह वर्षों - का समय बिताया। वह स्थान जहाँ श्री राम, देवी सीता और लक्ष्मण के साथ रहे थे, उसे कामदगिरि के नाम से जाना जाता है। यह स्थान 'राम-भरत मिलाप' का भी स्थल है। कामदगिरि की परिक्रमा हर दिन हजारों भक्त करते हैं। समय प्राचीनकाल से योगी और तपस्वी इस क्षेत्र को गहन आध्यात्मिक साधना का स्थान बना चुके हैं और हजारों साधु यहाँ लींन रहते हैं।

महाराज ने सबसे पहले देवांगना नामक स्थान के पास घने जंगल में निवास करना शुरू किया। बाद में वह अत्री-अनसूया नामक स्थान पर चले गए, जहाँ महान ऋषि अत्रि और उनकी आध्यात्मिक संगिनी अनसूया देवी का आश्रम था। महाराज ने कुछ समय तक जूरी नामक एक छोटी नदी के किनारे भी निवास किया। वहाँ उन्होंने रात-रात भर उस नदी के किनारे ध्यान में लीन होकर समय बिताया। यह स्थान इतना आंतरिक था कि मानव बस्तियों से दूर था, और महाराज मुख्यतः वहाँ उगने वाले फलों और जड़ों का सेवन करते थे। महाराज ने अत्यधिक तपस्वी जीवन जिया और एक मोटे जूट जैसे कपड़े का उपयोग किया, इसलिए उन्हें 'तातांबरी बाबा' (जो 'तात' (जूट) पहनते हैं) भी कहा जाता था। अपने जीवन के अंतिम कुछ दशकों में ही उन्होंने घुटने तक की धोती और उत्तरीय पहनना शुरू किया।

जूरी के किनारे लंबे समय तक रहने के बाद, महाराज जनकिकुंड चले गए, जहाँ एक वृद्ध सम्मानित साधु, जो आने वाले साधुओं की सेवा के लिए अन्नक्षेत्र का संचालन करते थे, ने महाराज से मदद की अपील की। इस साधु, श्री बोधरामदास जी ने लंबे समय तक यह सेवा की थी और उनके जीवन का अंतिम

समय निकट आ रहा था। वे इस बात को लेकर चिंतित थे कि अन्नक्षेत्र के बंद हो जाने से आने वाले साधुओं को असुविधा होगी।

महाराज, जो अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति से आश्रम के प्रबंधन के नियमित काम में नहीं फंसना चाहते थे, ने तब मदद करने के लिए सहमति दी जब एक युवा साधु ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन का ध्यान रखेगा और महाराज केवल मार्गदर्शन देंगे। कुछ ही दिनों में श्री बोधरामदास जी ने जिम्मेदारी महाराज को सौंप दी और उनका निधन हो गया। महाराज ने सुनिश्चित किया कि अन्नक्षेत्र की सेवाएं बंद न हों।

इस प्रकार उनके जीवन में चित्रकूट क्षेत्र में कठोर साधु-सेवा का एक नया चरण शुरू हुआ। इसके लिए महाराज को उस क्षेत्र के कई गाँवों में यात्रा करनी पड़ी और भक्ति-भाव से समर्पित ग्रामीणों द्वारा दिए गए अनाज की बोरियाँ बैलगाड़ी में लानी पड़ीं, कभी-कभी वह खुद ही अनाज ढोते थे। उनकी कठोर तपस्या और निःस्वार्थ सेवा ने जल्द ही उन्हें उस क्षेत्र के साधुओं के बीच एक उच्च स्थान पर पहुंचा दिया। महाराज को महान योगिक शक्तियाँ भी प्राप्त थीं, जिन्हें वह बहुत कम ही इस्तेमाल करते थे, केवल तब जब किसी की तीव्र पीड़ा देखकर उनका करुणामय हृदय गहराई से आंदोलित हो जाता था। क्षेत्र के साधु और तपस्वी उन्हें जनकिकुंड के परमहंस के रूप में पुकारने लगे।

3.6 गुजरात की यात्राएँ

लगभग 1920 में महाराज ने फिर से देश के दूर-दराज़ हिस्सों की यात्रा शुरू की। इस बार वे पश्चिम की ओर पैदल चले और गुजरात पहुँचे। उन्होंने सबसे पहले कच्छ क्षेत्र का दौरा किया और अंजार में ठहरे तथा कच्छ के रण से होकर गुज़रे। बाद में उन्होंने सौराष्ट्र क्षेत्र का दौरा किया, जहाँ वे राजकोट शहर के बाहर अजी नदी के किनारे रहे। शीघ्र ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उनके प्रति आकर्षित होने लगे, और महाराज ने उन्हें उनके आध्यात्मिक जीवन में मार्गदर्शन देना शुरू किया। उन्होंने अक्सर अपने प्रिय ग्रंथों जैसे रामचरितमानस और भगवद गीता के विषयों पर प्रवचन दिए। उन्होंने चरित्र निर्माण और दूसरों के प्रति सहानुभूति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इन भक्तों के प्रेम और आग्रहपूर्ण विनती पर, महाराज ने इस क्षेत्र का अधिक बार दौरा करना शुरू किया। सौराष्ट्र क्षेत्र के गोंडल और जूनागढ़ जैसे शहरों में भक्तों और शिष्यों के समूह बने, जो महाराज के मार्गदर्शन में अपने आंतरिक जीवन को पोषण देने की तलाश करते थे। वर्षों के दौरान, राजकोट और पास

के गोंडल शहर में स्थायी आश्रम बने, जहाँ भक्त नियमित रूप से मिलते और सत्संग में भाग लेते थे। गोंडल में, महाराज ने चित्रकूट के एक युवा साधु श्री हरिचरनदासजी को प्रभारी बनाया, और तब से वह आश्रम समृद्ध हुआ और निरंतर विकसित होता गया। श्री हरिचरनदासजी, जिनका कुछ साल पहले निधन हुआ, ने बाद में कम से कम चार और संस्थाएँ स्थापित कीं, जिनमें गोंडल में एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, और बद्रीनाथ जैसे स्थानों में अन्नक्षेत्र और धर्मशालाएँ शामिल हैं।

1940 के दशक के मध्य में, महाराज की प्रेरणा से राजकोट में श्री राम महायज्ञ का एक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। इस आयोजन से न केवल क्षेत्र में एक विशाल आध्यात्मिक लहर उठी बल्कि हजारों गरीब लोगों की भी सेवा की गई। इस आयोजन के दौरान समर्पित स्वयंसेवकों के बीच एक निकट और स्थायी संबंध भी विकसित हुआ, जो महाराज द्वारा अपने महान जीवन के अंतिम चरण में किए गए मानवीय सेवा परियोजनाओं की एक विशाल श्रृंखला के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुआ।

3.7 महान मानवीय सेवा का चरण (1950 से 1970)

शायद महाराज के सार्वजनिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय उनके जीवन के अंतिम दो दशकों का था। इस दौरान, महाराज द्वारा प्रेरित मानवीय सेवा की एक शक्तिशाली लहर देश के कई हिस्सों में फैली, जिसमें अनगिनत समर्पित स्वयंसेवक शामिल थे। इस अवधि में सैकड़ों हजारों लोगों की सेवा की गई, विशेष रूप से सबसे गरीब क्षेत्रों में, जैसे कि अंधापन उन्मूलन शिविर, सूखा, अकाल, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और पुनर्वास कार्य। अंततः इन सेवाओं ने भविष्य के लिए कई सेवा संस्थानों की नींव रखी।

महाराज वृद्ध लोगों की दृष्टि संबंधित समस्याओं से बहुत व्यथित थे, विशेष रूप से गरीब ग्रामीण समुदायों से, जिन्हें अक्सर यह समस्या पूरी तरह से अक्षम बना देती थी और उन्हें अपनी सबसे बुनियादी ज़रूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। जब महाराज ने जाना कि यह दृष्टि संबंधित समस्या चिकित्सा द्वारा ठीक की जा सकती है, तो उन्होंने इस समस्या को सुलझाने के लिए एक सतत अभियान शुरू करने का निर्णय लिया।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, महाराज ने 1950 में चित्रकूट में पहला नेत्र शिविर 'तारा नेत्र यज्ञ' आयोजित किया। डॉक्टरों और स्वयंसेवकों की एक बड़ी टीम उत्साह के साथ चित्रकूट गई, लेकिन उन्हें

यह नहीं पता था कि उनके सामने क्या चुनौतियाँ आएंगी। डॉक्टर जो पहले केवल मुंबई और राजकोट जैसे शहरों के अस्पतालों में सेवा देते थे, उन्हें वहां ग्रामीण क्षेत्रों की परिस्थितियों में काम करना पड़ा, जहाँ एक साधारण खाट ऑपरेशन बेड बन गई थी, एक तंबू ऑपरेशन थिएटर के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, और अचिकित्सीय प्रशिक्षित स्वयंसेवक उनके सहायक थे। कुल मिलाकर, उन्हें उपलब्ध संसाधनों के साथ सर्वश्रेष्ठ काम करना पड़ा। खुले मैदान शिविर का स्थान बने। स्वयंसेवकों को शौचालयों की सफाई से लेकर भोजन पकाने, परोसने और रोगियों की देखभाल तक हर काम करने के लिए तैयार किया गया था। शिविर में बड़ी संख्या में महिला रोगियों की अपेक्षा थी, इसलिए महिला स्वयंसेवकों की सेवाएं भी ली गईं।

